
राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 जमू-कश्मीर में हुए सभी घोटालों की जांच होगी, अडाणी रिश्वत.........

उनके जैसे और प्रधानमंत्री चाहिएः लाइव लॉयड 11

वर्ष : 15 | अंक : 217 | नई दिल्ली, शनिवार, 23 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# सुकमा मुठभेड़ में कमांडर सहित 10 नक्सली ढेर, जनवरी से अब मुठभेड़ में 257 नक्सली मारे गए

सुकमा, एजेंसी

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में कोन्टा के भेज्जी इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक स्वयंभू माओवादी कमांडर समेत 10 नक्सली मारे गये। सुरक्षा बलों ने मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों के जवानों ने घटना स्थल से तीन स्वचालित राइफल, एक एके47 इंसास, एसएलआर रायफल सहित कई आधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस के विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के थाना भेज्जी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोरजागुड़ा, दंतेश्वरमपुरम, नागराम, भंडापदर के जंगलों एवं पहाड़ी में शुक्रवार सबेरे से चल रहे मुठभेड़ में अब तक दस नक्सली मारे गए हैं। मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिया गया है। राज्य में इस वर्ष सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में अब तक 107 नक्सली मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार जिला रिजर्व गार्ड की टीम नक्सलियों की घेराबंदी और तलाश के लिए निकली थी। जवानों को सूचना मिली थी कि कई नक्सली ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे हैं।



बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी कार्रवाई में 10 नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा,बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट आया है। उन्होंने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा तय किये गये मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाये के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में हम सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। बस्तर के महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने पुष्टि की है कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है और 10 शव बरामद कर लिए गए हैं। इस साल जनवरी से अब तक कम से कम 257 नक्सली मारे गए हैं, जबकि 861 गिरफ्तार किए गए और 789 ने आत्मसमर्पण किया है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें

### कानून व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं : शाह




नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में दिल्ली में कानून व्यवस्था की समीक्षा की और कहा कि राजधानी की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सूत्रों के अनुसार बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा और अनेक वरीष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सूत्रों ने बताया कि श्री शाह ने कहा कि अपराध के विरुद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है इसलिए दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिल्ली पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत जवाबदेही है कि हर एक दिल्लीवासी खुद को पुर्णतः सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें देख दिल्लीवासियों में सुरक्षा का भाव और अपराधियों में भय का भाव पैदा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस को नागरिक सुरक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेष कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाना चाहिए और बच्चों, महिलाओं तथा वरीष्ठ नागरिकों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# मोदी ने गुयाना को दिया, लोकतंत्र प्रथम-मानवता प्रथम का मंत्र

## प्रधानमंत्री ने गुयाना की संसद के एक विशेष अधिवेशन को किया संबोधित

जॉर्जटाउन /नई दिल्ली, एजेंसी

जॉर्जटाउन/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुयाना को मौजूदा विश्व में आगे बढ़ने के लिये लोकतंत्र प्रथम-मानवता प्रथम का मंत्र देते हुए कहा कि इससे सबको साथ लेकर सबका विकास करते हुए मानवता का हित करना संभव होता है। श्री मोदी गुयाना की संसद के एक विशेष अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के प्रयासों के बीच, हमें आज वैश्विक परिस्थितियों पर भी लगातार नजर रखनी है। जब भारत और गयाना आजाद हुए थे, तो दुनिया के सामने अलग तरह की चुनौतियां थीं। आज 21वीं सदी की दुनिया के सामने, अलग तरह की चुनौतियां हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद बनी व्यवस्थाएं और संस्थाएं,ध्वस्त हो रही हैं, कोरोना के बाद जहां एक नई





वैश्विक व्यवस्था की तरफ बढ़ना था, दुनिया दूसरी ही चीजों में उलझ गई, इन परिस्थितियों में,आज विश्व के सामने, आगे बढ़ने का सबसे मजबूत मंत्र है-लोकतंत्र प्रथम– मानवता प्रथम। लोकतंत्र प्रथम की भावना हमें सिखाती है कि सबको साथ लेकर चलो,सबको साथ लेकर सबके विकास में सहभागी बनो। मानवता प्रथम की भावना हमारे निर्णयों की दिशा तय करती है, जब हम मानवता प्रथम को अपने निर्णयों का आधार बनाते हैं, तो नतीजे भी मानवता का हित करने वाले होते हैं।

**पीएम 31 द्विपक्षीय बैठक अनौपचारिक बातचीत में हुए शामिल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन देशों की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान विश्व नेताओं के साथ 31 द्विपक्षीय बैठकों और अनौपचारिक बातचीत में भाग लिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन राजनयिक बैठकों में नाइजीरिया में वहां के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक, ब्राजील में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान 10 द्विपक्षीय बैठक तथा मोदी की गुयाना यात्रा के दौरान हुई नौ द्विपक्षीय बैठकें शामिल थीं। ब्राजील में मोदी ने इस देश के नेताओं के अलावा इंडोनेशिया, पुर्तगाल, इटली, नॉर्वे, फ्रांस, ब्रिटेन, चिली, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। अधिकारियों ने बताया कि इंडोनेशिया के नेता प्रबोवो सुबियांटो, पुर्तगाल के लुइस मोंटेनेग्रो, ब्रिटेन के केअर स्टॉर्मर, चिली के गेब्रियल बोरिक और अर्जेंटीना के जेवियर माइली के साथ उनकी पहली द्विपक्षीय बैठकें हुईं। मोदी ने ब्राजील में सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मिस्र, अमेरिका और स्पेन के नेताओं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और कार्यपालकों के साथ अनौपचारिक बातचीत और अलग-अलग बैठकें कीं। इनमें यूरोपीय संघ की उसुर्ला वॉन डेर लेयेन; संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस; विश्व व्यापार संगठन की नगोजी ओकोन्जो-इवेला; विश्व स्वास्थ्य संगठन के टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसस; और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की क्रिस्टलीना जॉर्जीवा और गीता गोपीनाथ के साथ मुलाकात शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि गुयाना में मोदी ने गुयाना, डोमिनिका, बहामास, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, बारबाडोस, एंटीगुआ और बारबुडा, ग्रेनेडा और सेंट लूसिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

# कांग्रेस की घोर विफलता का असर मणिपुर में आज भी महसूस किया जा रहा: नड्डा ने खरगे से कहा



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मणिपुर के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप का अनुरोध करने और केंद्र पर संकट को दूर करने में नाकाम रहने का आरोप लगाने को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे पर शुक्रवार को पलटवार किया। उन्होंने कांग्रेस पर मणिपुर में अशांति के मुद्दे को लेकर गलत, झूठा और राजनीति से प्रेरित विमर्श पैदा करने का आरोप लगाया। नड्डा ने खरगे के आरोपों का जवाब देते हुए दावा किया कि मणिपुर में सत्ता में रहने के दौरान स्थानीय मुद्दों से निपटने में कांग्रेस के पूरी तरह विफल के दुष्परिणाम आज भी महसूस किए जा रहे हैं। उन्होंने खरगे से कहा कि सबसे अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि कांग्रेस मणिपुर की स्थिति को सनसनीखेज बनाने का बार-बार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि खरगे यह भूल गए हैं कि उनकी सरकार ने भारत में विदेशी उग्रवादियों के अवैध प्रवास को न केवल वैध बनाया था बल्कि तत्कालीन गृह मंत्री पी चिदंबरम ने उनके साथ संधियों पर भी हस्ताक्षर किए थे। नड्डा ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने देश से भागने वाले इन ज्ञात उग्रवादी नेताओं को अस्थिरता पैदा करने के उनके प्रयासों को जारी रखने के लिए पूरे दिल से समर्थन और प्रोत्साहन दिया गया। उन्होंने कहा, आपकी सरकार के कार्यकाल के दौरान भारत की सुरक्षा और प्रशासनिक प्रोटोकॉल की यह पूर्ण विफलता इस बात का प्रमुख कारण है कि उग्रवादी एवं आदतन हिंसक संगठन मणिपुर में कड़ी मेहनत से हासिल हुई शांति को नष्ट करने और इसे अराजकता के युग में कई दशक पीछे धकेलने का प्रयास कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के विपरीत, भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार किसी भी कीमत पर ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और मणिपुर की सरकारें शुरूआती हिंसा के बाद से ही स्थिति को स्थिर करने और लोगों की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं। नड्डा ने कहा कि पूरी सरकारी मशीनरी मणिपुर में शांति और सद्भाव वापस लाने के लिए समर्पित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा समस्या को शीघ्र सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है और हिंसा की घटनाओं की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है जो देश की सबसे कुशल एजेंसियों में से एक है। नड्डा ने कहा कि उन्हें सरकार के खिलाफ गलत, झूठे और राजनीति से प्रेरित उस विमर्श का जवाब देना आवश्यक लगा जिसे खरगे के शब्द छुपाने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि खरगे और उनकी पार्टी ने 90 के दशक की शुरूआत में और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्व सरकार के कार्यकाल में इसी तरह की घटनाओं के दौरान केंद्र और राज्य दोनों में कांग्रेस सरकारों द्वारा अपनाई गई गलत रणनीतियों और सरकारी मशीनरी के पूरी तरह विफल रहने की बात को आसानी से भुला दिया है।

# पटना : सीएम नीतीश कुमार ने 8,837 करोड़ रुपए की योजनाओं का दिया तोहफा

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग की 8,837.77 करोड़ रुपए लागत की 6,199 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से कार्यारंभ एवं उद्घाटन कर प्रदेश की जनता को बड़ा तोहफा दिया। इसके तहत 6,509.93 करोड़ रुपए की 4,390 योजनाओं का कार्यारंभ तथा 2,327.84 करोड़ रुपए की 1,809 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कई पथों एवं पुलों का उद्घाटन के साथ-साथ शिलान्यास किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और सुगम होगा। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि जिन योजनाओं का कार्यारंभ किया गया है, उन सभी पथों एवं पुलों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। वैसे सभी पथों एवं पुलों, जिनका उद्घाटन किया जा रहा है, उन सभी पथों का नियमित निरीक्षण करते हुए उनका मेंटेनेंस भी किया जाएगा, जिससे उसकी गुणवत्ता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग के पदाधिकारियों को विभाग के अन्य सभी पथों एवं पुलों की सतत निगरानी करते हुए उनका नियमित मेंटेनेंस भी करने का निर्देश दिया। उद्घा टन की गई योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 983 करोड़ रुपए की लागत से 763 पथों एवं 4 पुलों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 1,113 करोड़ रुपए की लागत से 972 पथों की मरम्मत कराई गई है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना अंतर्गत 92 करोड़ रुपए की लागत से 33 पथों का उन्नयन शामिल है। इसमें राज्य योजना अंतर्गत 139 करोड़ रुपए की लागत से 5 पथ भी शामिल हैं। जिन योजनाओं की शुरूआत हुई है, उसमें मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत 1,824 करोड़ रुपए की लागत से 1,472 पथ एवं पांच पुलों का निर्माण किया जाना है। जबकि, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत 2,350 करोड़ रुपए की लागत से 2.306 पथों की मरम्मत होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना अंतर्गत 1,739 करोड़ रुपए की लागत से 442 पथों एवं एक पुल का उन्नयन का कार्य कराया जाना है तथा राज्य योजना अंतर्गत 597 करोड़ रुपए की लागत से 30 पथों एवं 139 पुलों का निर्माण होगा।

# अडानी मामले में कांग्रेस की जेपीसी से जांच की मांग

भोपाल, एजेंसी

अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर सौर ऊर्जा परियोजनाएं प्राप्त करने के लिए कथित रिश्वत और धोखाधड़ी का आरोप लगाए जाने के बाद कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई ने इस मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा जांच कराए जाने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव और प्रदेश पार्टी प्रभारी जितेंद्र सिंह ने आज यहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान श्री पटवारी ने कहा कि कहा कि पार्टी इस समूचे मामले की जांच संसद की जेपीसी समिति से कराने की मांग करती है। उन्होंने मीडिया में आई खबरों का हवाला देते हुए कहा कि जिन सरकारों या अधिकारियों को कथित तौर पर 2000 करोड़ से अधिक की रिश्वत बांटी गई है, उन सरकारों को और उनके अधिकारियों को भी जांच के दायरे में शामिल किया जाए। श्री पटवारी ने आरोप लगाया कि अडानी समूह की कंपनी सदा से ही गुमराह करके भारतीय जनता पार्टी की सरकारों को लाभ पहुंचाने का काम करती रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भी इस कंपनी ने निवेश के कई वादे किए थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में वारंट जारी होने के बाद भारत में बहुत से गरीब निवेशकों की करोड़ों की राशि डूब गई है। पूरी दुनिया में भारतीय कारपोरेट जगत की प्रतिष्ठा और साख भी दांव पर लग गई है। उन्होंने मांग की कि अमेरिकी सरकार से जांच के तथ्यों को एकत्रित कर रिश्वतखोरी के इस गंभीर अपराध पर भारत में भी मुकदमा दर्ज किया जाए।

# आसाराम की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने यौन उत्पीड़न मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 वर्षीय स्वयंभू बाबा आसाराम बापू की मेडिकल आधार पर जमानत की मांग वाली याचिका पर शुक्रवार को गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया और तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी करते हुए कहा कि चूंकि यह पोक्सो का मामला है, इसलिए यह अदालत मेडिकल आधार पर जमानत की इस याचिका पर विचार करेगी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दामा शेषाद्रि नायडू ने दलील दी कि वह (आसाराम) ब्लॉकेज सहित कई बीमारियों से पीड़ित हैं। इस मामले में आसाराम ने सजा के निलंबन और जमानत की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया है कि वह मीडिया ट्रायल और अपने आश्रम पर नियंत्रण हासिल करने के उद्देश्य से की जा रही साजिशों के शिकार हैं। उन्होंने अधिवक्ता राजेश इनामदार और शाश्वत आनंद के माध्यम से दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उनकी सजा विसंगतियों से भरी हुई है। वह केवल शिकायतकर्ता की अपुष्ट गवाही पर आधारित है। याचिका में कहा गया है कि आरोपों के पक्ष में कोई चिकित्सीय या स्वतंत्र सबूत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने और उन्हें उनके आश्रम से बाहर निकालने के लिए झूठा फंसाया गया है।

**रेवड़ी** कमल का बटन दबाने से पहले सोच लें कि आप लंबे-लंबे पावर कट के लिए बटन दबा रहे...........

# दिल्ली में रेवड़ी के आसरे केजरीवाल, छह गारंटी गिनाने के साथ जनता को दिखाया भाजपा का डर

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को ह्यरेवड़ी पर चर्चाह्व कार्यक्रम लॉन्च किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने छह रेवड़ियों का जिक्र करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को हमने छह मुफ्त की रेवड़ी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मंचों से और कई बार ये बोल चुके हैं कि केजरीवाल दिल्ली में मुफ्त की रेवड़ी बांट रहे है। ये बंद होनी चाहिए। दिल्ली की जनता हमें बताए कि ये मुफ्त की रेवड़ी चाहिए या फिर नहीं चाहिए। भाजपा यहां पर आई तो ये छह सुविधा बंद कर देगी। देश के 20 राज्यों में भाजपा की सरकार है। इन 20 राज्यों में से एक भी राज्य में दिल्ली में जो हम रेवड़ी दे रहे हैं, उनमें से एक भी नहीं है। जब इन राज्यों में नहीं है तो




फिर दिल्ली में भी नहीं देंगे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने छह रेवड़िया गिनाईं। उन्होंने कहा कि पहला है दिल्ली में मुफ्त बिजली और वो भी 24 घंटे बिना पावर कट के। इससे पहले जब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी, उन दिनों 8 से 10 घंटे पावर कट रोज लगते थे। हमारी सरकार बनने के बाद यहां पर 24 घंटे बिजली दी है। दिल्ली में अब पावर कट नहीं लगते हैं। इनकी बीस राज्यों में सरकार है। लेकिन, एक भी राज्य में 24 घंटे बिजली नहीं दे पाए। आप संयोजक ने आगे भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि गुजरात में 30 साल से इनकी सरकार है। 30 साल में भी वहां 24 घंटे बिजली नहीं दे पाए है। हमें 24 घंटे बिजली देनी आती है। अगर दिल्ली में आम आदमी पार्टी को वोट नहीं दिया और भाजपा को वोट दिया तो दिल्ली के अंदर भी 8 से 10 घंटे के पावर कट लगने चालू हो जाएंगे। कमल का बटन दबाने से पहले सोच लें कि आप लंबे-लंबे पावर कट के लिए बटन दबा रहे हो, नहीं तो झाड़ू का बटन दबा देना। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश में फोन करके देख लो कितने घंटे के पावर कट लगते हैं। हमारी सरकार ने दिल्ली में 24 घंटे बिजली कर दी। दिल्ली और पंजाब देश के दो राज्य ऐसे हैं, जहां आम आदमी पार्टी की सरकार है और फ्री बिजली दी है। केजरीवाल ने कहा कि दूसरी रेवड़ी है मुफ्त पानी। दिल्ली में हम सभी परिवार को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी देते हैं। इनके (भाजपा) 20 राज्यों में किसी के अंदर पानी मुफ्त नहीं है। जब मैं जेल गया था, उन्होंने पीछे से कई लोगों के हजार रुपये के गलत पानी के बिल भेज दिए। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार बनी तो हम आपके सारे गलत बिल माफ कर देंगे और फिर से जीरो बिल आने लग जाएंगे। उन्होंने कहा कि तीसरी रेवड़ी है मुफ्त शिक्षा, अच्छी और शानदार फ्री शिक्षा। दिल्ली के अंदर हमने अच्छे और शानदार स्कूलें बनाई। आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों से बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर बन रहे हैं। अगर आपने इनको वोट दिया तो फिर इनका भविष्य खराब हो जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि चौथा मोहल्ला क्लीनिक है। आज दिल्ली के अंदर शानदार मोहल्ला क्लीनिक, सरकारी अस्पताल बन गए। जहां पर इलाज और दवाइयां मुफ्त मिलती हैं। इनके 20 राज्यों में किसी भी राज्य में अच्छे सरकारी अस्पताल नहीं हैं। सब टूटे-फूटे पड़े हुए हैं। अगर आपने फिर से इनको वोट दिया तो सारे सरकारी अस्पताल खराब हो जाएंगे। उन्होंने पांचवीं रेवड़ी के रूप में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा गिनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की हमेशा से मांग रही है कि इनकी मुफ्त बस यात्रा समाप्त होनी चाहिए। इसके अलावा केजरीवाल ने बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा को छठी रेवड़ी के रूप में गिनाया। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की छह रेवड़ियों पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिएक्शन दिया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, ह्वअरविंद केजरीवाल जी की मुफ्त की रेवड़ियां हैं : 24 घंटे फ्री बिजली, फ्री पानी, अच्छी और शानदार मुफ्त शिक्षा, शानदार मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी अस्पताल, महिलाओं को फ्री बस यात्रा, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा। अरविंद केजरीवाल जी ने जनता के टैक्स के पैसे को अपनी जेब में रखने की बजाय जनता पर खर्च किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मरीजों ने बाहरी दवा लिखने का आरोप लगाया

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों पर मरीजों ने बाहरी दवा लिखने का आरोप लगाया है। मरीजों ने बताया कि सीएचसी में डॉक्टरों को दिखाने पर बाहर की दवा लिखी जा रही है, जबकि अस्पताल में दवा मौजूद है। मरीजों ने बताया कि भीमताल सीएचसी में पूर्व में तत्कालीन सीडीओ डॉ. संदीप तिवारी ने डॉक्टरों की ओर से बाहर से दवा लिखने की शिकायत सही पाए जाने पर फटकार लगाई थी। स्थानीय लोगों ने कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। इधर, सीएचसी प्रभारी डॉ. हेमंत मर्तोलिया ने कहा कि बाहर से दवा नहीं लिखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामला सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### 24 को जारी होगा राष्ट्रीय खेलों का शेड्यूल

**हल्द्वानी, एजेंसी।** इस बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का जिम्मा उत्तराखंड पर है। खिलाड़ियों के साथ प्रदेशवासी भी इस गौरवशाली क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब यह इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। आगामी 24 नवंबर को राष्ट्रीय खेलों के कार्यक्रम की घोषणा होगी। तीन दिवसीय निरीक्षण के बाद सोमवार को देहरादून में टेक्निकल कंडक्ट कमेटी (जीटीसीसी) और उत्तरांचल ओलंपिक संघ की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों पर चर्चा हुई थी। अब आगामी रविवार को दिल्ली में भारतीय ओलंपिक संघ और जीटीसीसी के बीच बैठक होगी। इसमें जीटीसीसी उत्तराखंड के सभी खेल स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी भारतीय ओलंपिक संघ को देगा। सूत्रों ने बताया कि इसी बैठक में राष्ट्रीय खेलों की तारीख, खेल स्थान समेत पूरा शेड्यूल तय किया जाएगा। इसमें उत्तराखंड खेल विभाग के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

### बिना छत वालों को मिली अपने घर की चाबी

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बुधवार को विकास भवन और ब्लॉक सभागार में 48 लाभार्थियों को आवास योजना के प्रमाण पत्र सौंपे गए। विकास भवन सभागार में सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने आवास विहीन लोगों को आवास योजना से जोड़कर प्रमाण पत्र देने के साथ घरों की चाबियां सौंपीं। सीडीओ ने बताया कि जिले में वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रथम चरण में 4500 आवास तैयार हो चुके हैं। 32 आवासों का काम अभी चल रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के लिए सर्वे किया जा रहा है। सीडीओ ने बताया कि इस योजना में लाभार्थी को मकान बनाने के लिए 1.12 लाख और 12 हजार शौचालय निर्माण के लिए दिए जाते हैं। साथ ही मनरेगा से काम भी दिया जाता है। इस दौरान डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, डीएसटीओ डॉ. मुकेश सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

### सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने पर ग्राम प्रधान अयोग्य घोषित

**गरमपानी (नैनीताल), एजेंसी।** बेतालघाट ब्लॉक की ग्राम पंचायत बुधलाकोट के पंगोट के ग्राम प्रधान को सरकारी भूमि पर कब्जा करना भारी पड़ गया। श्री कैंची धाम तहसील की जांच रिपोर्ट सही पाए जाने पर एसडीएम वीसी पंत ने ग्राम प्रधान ललित चंद्र आर्या को ग्राम प्रधान के पद से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि पूर्व में ग्राम प्रधान को सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन प्रधान की ओर से कब्जा नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम 2016 (संशोधित 2019) की धारा 8 (5) के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए वर्तमान ग्राम प्रधान ललित चंद्र आर्या निवासी ग्राम बुधलाकोट तोक पंगोट को सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने के चलते ग्राम प्रधान के पद से अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

### जयंती पर इंदिरा गांधी को याद किया

**हल्द्वानी, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर हल्द्वानी महानगर कांग्रेस की ओर से स्वराज आश्रम में श्रद्धांजलि सभा की गई। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा, इंदिरा गांधी ने भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया। बबलू बिष्ट, साद अली चंदन भाकुनी, उदित करायत, विजय प्रताप, सोनू रौतेला, ताहिर हुसैन रहे।

### 28 से शुरू होंगी भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**हल्द्वानी, एजेंसी।** एमबी महाविद्यालय में 28 नवंबर से भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू होंगी। बीए, बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की 28 नवंबर को, एमए, एमएससी प्रथम सेमेस्टर की 30 नवंबर, बीए तृतीय सेमेस्टर की दो दिसंबर को प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। इस दिन 2230130010969 से 2230130012812 तक अनुक्रमांक के छात्र-छात्राओं की परीक्षा होगी। तीन दिसंबर को बीए तृतीय सेमेस्टर के 2230130012830 से 2230130014088 अनुक्रमांक तक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

# भीम आर्मी के चंद्रशेखर का करीबी राहुल ड्रग पैडलर! स्मैक तस्करी करते हुए पकड़े आरोपित ने खोले राज

**लालढांग, एजेंसी।** श्यामपुर पुलिस ने 30 ग्राम स्मैक के साथ आरोपित शांतनु कुमार पुत्र स्व राजेंद्र कुमार निवासी पड़ली नगीना बिजनौर को को गिरफ्तार किया है, पुलिस का कहना है कि बाजार में पकड़ी स्मैक की कीमत 10 लाख है।

पुलिस ने बताया कि आरोपित उत्तरप्रदेश के नगीना से स्मैक लेकर देहरादून सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस ने बरामद स्मैक के साथ स्मैक तस्करी में प्रयोग की जा रही आरोपित की बाइक को भी सीज कर दिया है।




श्यामपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसे यह स्मैक बिजनौर के भीम आर्मी का बड़े पदाधिकारी राहुल चौधरी (महासचिव, बिजनौर) ने उपलब्ध कराई थी, जिनका यह मुख्य धंधा (ड्रग पैडलर) है और यह उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में स्मैक की तस्करी को अंजाम देता है।

बताया गया कि स्मैक की तस्करी में पकड़े गए आरोपित शांतनु कुमार ने बिजनौर निवासी भीम आर्मी के पदाधिकारी राहुल चौधरी का नाम स्मैक उपलब्ध कराने के मामले में लिया है, वह भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर का बेहद करीबी है और वर्ष 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। श्यामपुर थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि पकड़े स्मैक तस्करी के आरोपित शांतनु कुमार के बयान पर अब भीम आर्मी के बिजनौर महासचिव राहुल चौधरी की गिरफ्तारी की तैयारी है। बताया कि राहुल चौधरी पहले भी ड्रग सप्लाई के आरोप में जेल जा चुका है। मुख्यमंत्री पुषकर सिंह धामी के के ड्रग्स फ्री देवभूमि के संकल्प को पूरा करने में लगी हरिद्वार पुलिस ने नशा तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 30 ग्राम स्मैक के साथ आरोपित को पकड़ कर उत्तराखंड में स्मैक तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष श्यामपुर नितेश शर्मा ने बताया कि बुधवार देर रात बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों, संदिग्धों की नियमित चेकिंग की जा रही थी, उसी दौरान तभी नीलेश्वर मंदिर के पास एक संदिग्ध बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल पर सवार होकर तेजी से हरिद्वार की ओर जा रहा था। संदेह होने पर उसे रोक कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास करीब 30 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बताया कि बरामद स्मैक की बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसने स्मैक को उत्तरप्रदेश के नगीना से हरिद्वार-देहरादून सप्लाई के लिए ले जा रहा था, जिसे उसने बिजनौर में भीम आर्मी के बिजनौर महासचिव राहुल चौधरी से प्राप्त की थी। आरोपित ने पुलिस को यह भी जानकारी दी कि राहुल चौधरी का यही काम है और स्मैक की उसकी सप्लाई उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड के कई इलाकों में है, जिसके लिए उसने उस जैसे कई आदमियों को भाड़े पर रख रखा है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित से पूछताछ के आधार पर अन्य नशा तस्करों को पकड़ने का प्रयास जारी है। स्मैक पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, उपनिरीक्षक विक्रम बिष्ट, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और कांस्टेबल अनिल रावत शामिल रहे।

## 31वीं वाहिनी पीएसी के एथलीट छाए

**रुद्रपुर, एजेंसी।** 46वीं वाहिनी पीएसी मुख्यालय में 20वीं प्रादेशिक वाहिनी पुलिस एथेलिटिक्स और साइकिलिंग (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। प्रतियोगिता के पहले 31वीं वाहिनी पीएसी के एथलीट छाए रहे। 24 नवंबर तक चलने वाली प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी/सचिव उत्तराखंड पुलिस कंट्रोल बोर्ड जन्मेजय खंडूरी ने किया। बृहस्पतिवार को प्रतियोगिता के पहले दिन हुई 1500 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ 31वीं वाहिनी पीएसी के मोहित सिंह ने जीती। महिला वर्ग की 800 मीटर की दौड़ अल्मोड़ा की ममता ने जीती। 200 मीटर की दौड़ उत्तरकाशी की आंचल पंवार, 200 मीटर पुरुष दौड़ ऊधमसिंह नगर के सुधांशु कुमार, 400 मीटर हेडल रेस (पुरुष) पिथौरागढ़ के गौरव बिष्ट ने जीती। महिला वर्ग की 5000 मीटर की दौड़ ऊधमसिंह नगर की सरिता, पुरुष वर्ग की दौड़ 31वीं वाहिनी के महेंद्र सिंह बिष्ट ने जीती। पोलवाल्ट में 31वीं वाहिनी के जगत सिंह, महिला वर्ग की गोला फेंक में 31वीं वाहिनी की बीना रावत ने जीती। पुरुष वर्ग की लंबी कूद में देहरादून के शक्ति शर्मा, महिला वर्ग में टिहरी की प्राची रावत, पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में राज्य के कई जिलों की पुलिस/पीएसी/आईआरबी की 14 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। वहां 46वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक पंकज भट्ट, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, 31वीं वाहिनी की सेनानायक प्रीति प्रियदर्शनी, एएसपी, निहारिका तोमर, एसपी सिटी मनोज कत्याल आदि मौजूद थे।

## वैक्सीनेटर के स्थानांतरण का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

**चोरगलिया, एजेंसी।** क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पशुपालकों ने बृहस्पतिवार को अपर निदेशक पशुपालन उदय शंकर से उनके कार्यालय हल्द्वानी में मुलाकात की। लोगों ने उनसे जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की। अपर निदेशक पशुपालन ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को बताया कि वैक्सीनेटर भुवन चंद्र पंत के अटैचमेंट का मामला हाईकोर्ट में जा चुका है। अब इस मामले में कोर्ट का आदेश आने तक कोई बात कहना उचित नहीं होगा। अपर निदेशक पशुपालन से मिलने वालों में ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार जांगी, प्रधानपति हेम चंद्र बजेठा, ऋषभ चौसली, इंद्र कुमार जांगी, बलवंत दसौनी, विशन दत्त पतौला, दीपांशु बेलवाल आदि पशुपालक शामिल रहे।

## पूर्व सीएम हरीश रावत का आरोप, बोले शराब-पैसा जिहाद में जुटे थे कैबिनेट मंत्री

**हल्द्वानी, एजेंसी।** भाजपा के नेता अक्सर लव और लैंड जिहाद जैसे मुद्दों को उठाकर कांग्रेस की घेराबंदी करते नजर आते हैं। किसी भी चुनाव के समय इस तरह की बातें ज्यादा तूल पकड़ती हैं, लेकिन अपने बयानों को लेकर चर्चित रहने वाले पूर्व सीएम हरीश रावत ने अब केदारनाथ उपचुनाव में प्रदेश सरकार संग सीधा कैबिनेट मंत्रियों पर नया आरोप लगा दिया है।

हरदा के अनुसार, सरकार ने इस बार लव-लैंड जिहाद को छोड़ शराब और पैसा जिहाद का सहारा लिया है। चुनाव के दौरान कैबिनेट मंत्री खुद इस काम में जुटे थे। कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर मनोज रावत की घोषणा होने से पहले ही गांव-गांव में शराब स्टाक की जा रही थी। निजी कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए हल्द्वानी पहुंचे



पूर्व सीएम हरीश रावत ने गुरुवार को देवलचौड़ स्थित एक होटल में मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रचार के दौरान उन्होंने महसूस किया कि सरकार के प्रति बदरीनाथ उपचुनाव जैसी नाराजगी लोगों के अंदर केदारनाथ में भी थी। सत्ता विरोधी हवा स्पष्ट दिखाई दी। महिला मतदाता जो कि पिछले कुछ समय से भाजपा की अहम शक्ति बन चुकी थी, वे पहाड़ की सर्द रात में होने वाली कांग्रेस की सभाओं में हमारी बात सुनने के लिए पहुंच रही थीं। पूर्व सीएम के अनुसार मतदान के दिन मातृशक्ति की तरफ से लिया गया निर्णय जीत-हार का निर्णय करने के साथ अंतर को भी स्पष्ट कर देगा। पूर्व सीएम ने कहा कि विपक्ष के तौर पर कांग्रेस को सरकार के प्रति हमेशा आक्रामक रहने से जनता का समर्थन जरूर मिलेगा। 2027 में सत्ता परिवर्तन के लिए ये व्यवहार जरूरी है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल और प्रीतम सिंह को लेकर कहा कि केदारनाथ से मिले संकेत के आधार पर प्रदेश के हर ब्लाक और गांव में परिवर्तन के लिए पहुंचना होगा।

## कांग्रेस नेत्री मंजू कश्यप ने लगाए गंभीर आरोप, महानगर अध्यक्ष ने किया खंडन

**रुड़की, एजेंसी।** निकाय चुनाव का समय नजदीक आते ही राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। इसी बीच रूड़की में कांग्रेस नेत्री मंजू कश्यप ने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी पर आरोप लगाए है। दरअसल, कांग्रेस नेत्री ने उनका मेयर पद का आवेदन न लेने का आरोप लगाया है। वहीं, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने आरोपों का खंडन करते हुए इसे राजनीतिक स्टंट बताया है।



आपको बता दें कि कांग्रेस नेत्री मंजू कश्यप अपने कुछ साथियों के साथ महानगर अध्यक्ष के निवास पर पहुंची। उन्होंने बताया कि वह नगर निगम चुनाव में मेयर पद पर दावेदारी कर रही हैं और अपना आवेदन महानगर अध्यक्ष को सौंपने गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने उनका आवेदन नहीं लिया। मंजय कश्यप ने कहा कि वह ओबीसी समाज से आती हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है। इसलिए उनका आवेदन नहीं लिया गया। वहीं, इस प्रकरण पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि यह सब एक राजनीतिक स्टंट है। पहली बात तो अभी कोई आवेदन पत्र लिए ही नहीं जा रहे हैं और रहा सवाल ओबीसी समाज का तो वह खुद ओबीसी समाज से आते हैं। वह किसी का अपमान क्यों करेंगे। उन्होंने बताया कि मंजू कश्यप आवेदन लेकर आई थी। जिस पर उन्होंने पहले सदस्यता रसीद कटवाने की बात कही थी। इस पर वह नाराज हो गई और अन्य कार्यकर्ताओं पर भी आरोप लगाने लगी।

महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि अभी कांग्रेस में बूथ कमेटियों का गठन हो रहा है। चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के बाद आवेदन लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंजू कश्यप ने हमेशा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ काम किया है। लेकिन पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी दी है कि सभी को साथ लेकर चलें। वह उसी के अनुसार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी के लिए दरवाजे खुले हैं और सभी को टिकट मांगने का अधिकार है। लेकिन मंजू कश्यप राजनीतिक स्टंट कर रही हैं, जो सही नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर अनुशासनहीनता करेगा तो पार्टी सख्त कदम जरूर उठाएगी।

## रजिस्टर में उपस्थित, विद्यालय में गायब मिला प्रधानाध्यापक, निलंबित

**रुद्रपुर/काशीपुर, एजेंसी।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरवरखेड़ा प्रथम जसपुर के औचक निरीक्षण में डीईओ को कई अनियमितताएं मिलीं। इसमें जहां प्रधानाध्यापक उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर कर विद्यालय से गायब मिले, तो वहीं एमडीएम पंजिका में उपस्थित 140 बच्चों में मात्र 56 बच्चे ही विद्यालय में पाए गए। वहीं विद्यालय परिसर में पानी का भरान मिला। पंजिका के निरीक्षण में पाया गया कि 18 से 21 तक लगातार प्रधानाध्यापक की उपस्थिति दर्ज की गई है पर वे विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। इस पर डीईओ ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है। शिक्षा विभाग को लगातार शिकायत मिल रही है कि जसपुर में विद्यालय मनमानी कर रहे हैं जहां फर्जी नामांकन किए गए हैं तो छात्रों की उपस्थिति ज्यादा दिखाकर एमडीएम में धांधली की जा रही हैं। बृहस्पतिवार की दोपहर डीईओ हरेंद्र कुमार मिश्र ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय सरवरखेड़ा प्रथम जसपुर का औचक निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि विद्यालय में कुल 183 बच्चे पंजीकृत हैं। छात्र उपस्थिति पंजिका में 140 बच्चे दिखाए गए थे पर मात्र कुल 56 बच्चे ही उपस्थित मिले। इसमें कक्षा एक और तीन में एक भी छात्र उपस्थित नहीं मिला। वहीं विद्यालय में रखरखाव, साज-सज्जा, पानी निकास की व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई। अध्यापक उपस्थिति पंजिका में प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर थे पर वे विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। पत्र व्यवहार पंजिका में 18 से 21 तक लगातार प्रधानाध्यापक के विद्यालयी समय में विद्यालय छोड़ा पाया गया। निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि विद्यालय ने छात्र उपस्थिति बढ़ाकर एमडीएम में अनियमितता और गबन करते हुए विद्यालय को प्राप्त अनुदान राशि का दुरुपयोग किया गया है। इस पर प्रधानाध्यापक मो. याकूब को निलंबित करते हुए उप शिक्षा अधिकारी जसपुर कार्यालय से संबद्ध किया गया। इसके बाद वह हरियावाला राजकीय प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। यहां सफाई की व्यवस्था सही मिली। उन्होंने विद्यालय में पुताई कराने को कहा। साथ ही छात्र-छात्राएं व शिक्षक भी मौके पर उपस्थित मिले।

## उप जिला अस्पताल में नहीं है त्वचा रोग विशेषज्ञ, ओपीडी में आ रहे 30 से 35 मरीज

**देहरादून, एजेंसी।** ठंड बढ़ने के साथ उप जिला अस्पताल विकासनगर में त्वचा रोग के मामले बढ़े हैं। ओपीडी में रोजाना 30 से 35 मरीज ऐसे आ रहे हैं। अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ नहीं है। इस स्थिति में मरीजों को सामान्य रोग चिकित्सा की ओपीडी में अन्य विशेषज्ञों को दिखाना पड़ रहा है। संक्रमण गंभीर होने पर मरीजों को रेफर कर दिया जाता है।

उप जिला अस्पताल की ओपीडी में बुधवार को 557 मरीज आए। इनमें से 407 नए और 150 पुराने मरीज थे। सबसे अधिक मरीज सामान्य ओपीडी में दिखाने आए। इनमें से 30 मरीज शरीर में खुजली, लाल चक्कते, दाने, जलन आदि त्वचा रोग के थे। वहीं, सोरायसिस, एटोपिक डर्मेटाइटिस और सेबोरिक डर्मेटाइटिस के कुछ पुराने मरीज दिखाने आए थे। सभी मरीज सामान्य रोग चिकित्सा की ओपीडी में ही दिखा रहे थे। अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ न होने के कारण कुछ गंभीर या पुराने त्वचा संक्रमण के मरीजों को रेफर किया जा रहा था।

सीएमएस डॉ. विजय सिंह ने बताया कि अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ का पद शुरुआत से ही रिक्त चल रहा है। विभाग को समय-समय पर विशेषज्ञ की नियुक्ति के लिए मांग भेजी जाती है। मरीजों को सामान्य ओपीडी में उपचार दिया जाता है। सीएमएस डॉ. विजय सिंह ने बताया कि सर्दियों में त्वचा शुष्क हो जाती है। इससे त्वचा में खुजली, जलन, दाने जैसी समस्या उत्पन्न होती है। बार-बार त्वचा को खुजलाने से उसमें घाव हो जाते है। इससे द्वितीयक संक्रमण की स्थिति भी बन जाती है। सर्दियों में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। विटामिन सी युक्त फलों और ताजी हरी सब्जियों का सेवन करें। त्वचा को रूखा न होने दें उसपर वैसलीन या मॉइस्चराइजर लगाए।

## नौ दिन से लापता ऑटो चालक का शव गड्ढे से मिला, हत्या के पीछे प्रेम-प्रसंग की बात आई सामने

**रुद्रपुर , एजेंसी।** लापता ऑटो चालक का पुलिस को नौ दिन बाद पता चला। पुलिस ने गड्ढे से ऑटो चालक का शव बरामद किया। हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग की बात सामने निकल कर आ रही है।

नौ दिन से रमपुरा से लापता ऑटो चालक सुमित (24) का शव पुलिस ने प्रीत विहार क्षेत्र में नदी किनारे स्थित गड्ढे से बरामद किया है। सीओ सिटी निहारिका तोमर सहित तमाम फोर्स के साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए थे।



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया है। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या की गई है। मृतक ने सात साल पहले लव मैरिज की हुई थी। उसका एक पांच साल का बेटा सन्नी है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता राजू श्रीवास्तव सहित तमाम रिश्तेदार रोते बिलखते पोस्टमार्टम हाउस में पहुंच गए। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ भी वहां जमा है। हंगामे के आसार को देखते हुए वहां पुलिस फोर्स तैनात है। पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित चारी आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि प्रेम प्रसंग से चलते हत्या की गई है। बुधवार को लोगों ने कोतवाली का घेराव किया था तो पुलिस सक्रिय हुई थी। इधर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि जब तक दो अन्य आरोपियों को नहीं पकड़ा जाएगा तब तक अंतिम संस्कार नहीं होगा।

## खेड़ा में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता खराब, प्रभारी और प्रधानाध्यापक को दी चेतावनी

**रुद्रपुर, एजेंसी।** केंद्र सरकार की ओर से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रति बच्चा 9.34 रुपये दिए जाने के बाद भी मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा। कई विद्यालय में बच्चों को खराब भोजन परोसे जा रहे हैं। सीईओ ने रुद्रपुर के खेड़ा में खुद गुणवत्ताविहिन भोजन पकड़ा। उन्होंने एमडीएम प्रभारी और प्रधानाध्यापक को कड़ी चेतावनी दी। मलसी में बच्चों के साथ बैठकर खुद स्वाद चखा।

बुधवार को सीईओ केएस रावत ने रुद्रपुर के कई प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। सबसे पहले वे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेड़ा पहुंचे। यहां कुल 265 बच्चों में 175 उपस्थित थे। यहां खाने में छोला और चावल बना था। चना उबालकर नहीं बनाया गया था तो छोले की ग्रेवी काफी पतली मिली। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी। वहीं बगल के प्राथमिक विद्यालय में 450 बच्चों के सापेक्ष भोजन ठीक बना पाया गया। यहां भोजना लकड़ी पर बना मिला। पूछताछ में प्रधानाध्यापक ने बताया कि यहां दो बार गैस सिलेंडर चोरी हो चुका है। सीईओ इसके बाद प्राथमिक विद्यालय मलसी पहुंचे। यहां कुल उपस्थित 58 बच्चों के साथ बैठक भोजन का स्वाद चखा। सहां उड़द की दाल और आलू-बैगन की सब्जी और चावल बना था। इसके बाद वे पीएसी प्राथमिक विद्यालय पहुंचे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रतियोगिता में डॉ ए के पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

अंबेडकरनगर,। मंडल स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी-2024 का राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में 13 नवंबर 2024 को आयोजित किया गया। विज्ञान क्लब के समन्वयक ने बताया कि मुख्य विषय ह्लसतत भविष्य के लिये विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के सात उपविषयों के प्रदर्शों का प्रदर्शन किया गया जिसमें जूनियर संवर्ग से डॉ. ए.के. पब्लिक स्कूल तमसा मार्ग मीरानपुर अकबरपुर से शुभी सिंह का कचरा प्रबंधन में प्रथम स्थान, प्रियांशु विश्वकर्मा का प्राकृतिक खेती में तृतीय स्थान तथा शुभ तिवारी का आपदा प्रबंधन में तृतीय स्थान का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के लिए किया गया है। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या डॉ पवन कुमार तिवारी, राजकीय इण्टर कॉलेज अयोध्या के प्रधानाचार्य ओंकार नाथ ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में डॉ. ए.के. पब्लिक स्कूल के सहायक अध्यापक अंकुर त्रिपाठी और विनोद मिश्रा भी मौजूद थे। डॉ. ए.के. पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य जगदम्बा प्रसाद ने छात्रों को मेडल पहना कर उनका उत्साह वर्धन किया। डॉ. ए.के. पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रेनू वर्मा और प्रबंध निदेशक अभिनव वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी।

### फरीदाबाद के उद्योगपति सजन जैन बने पीएचडीसीसीआई हरियाणा के चेयर

फरीदाबाद/चंडीगढ़, ।हरियाणा व केंद्र सरकार तथा उद्योगपतियों के बीच सेतु के रूप में काम करने वाले पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने फरीदाबाद के उद्योगपति सजन कुमार जैन को हरियाणा राज्य चैप्टर का चेयर नियुक्ति किया है। पीएचडीसीसीआई द्वारा शुक्रवार को हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के लिए नई लीडरशिप का ऐलान किया गया है। इंडो ऑटोटेक लिमिटेड के अध्यक्ष सजन कुमार जैन फरीदाबाद में ऑटोमोबाइल क्षेत्र के एक प्रमुख उद्योगपति और एक प्रसिद्ध समाजसेवी हैं। अपनी नियुक्ति पर सजन कुमार जैन ने हरियाणा को अवसरों की भूमि बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे, ताकि उद्योग इन नीतियों का अधिकतम लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास की दिशा में काम करने के लिए उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और नीति निमार्ताओं के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे। उद्योगपतियों व सरकार के साथ मिलकर हम व्यवसायों के लिए और अधिक अवसर पैदा कर सकते हैं और अपने क्षेत्र की समृद्धि में योगदान दे सकते हैं।

### फरीदाबाद : डंपिंग यार्ड के खिलाफ राज्यमंत्री से मिले ग्रामीण

फरीदाबाद,। फरीदाबाद जिले के गांव मोटूका में बनाए जा रहे डंपिंग यार्ड को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को राज्य मंत्री राजेश नागर से मुलाकात की। नागर ने आश्वासन दिया कि डंपिंग यार्ड गांवों के आसपास नहीं बनने दिया जाएगा। चांदपुर गांव के सरपंच सूरजपाल भूरा ने बताया कि गांव मोटूका में डंपिंग यार्ड बनाया जा रहा है। इसी को लेकर कई गांवों के सरदारी आज मंत्री राजेश नागर के पास पहुंचे हैं। क्योंकि वहां डंपिंग यार्ड बनने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।। उन्होंने कहा कि गांव में उपजाऊ भूमि है। जिसके चलते यहां डंपिंग यार्ड नहीं बनाए जाए। इसलिए मंत्री राजेश नागर से मुलाकात की। जिसके बाद राज्य मंत्री ने अधिकारियों से फोन पर बात की है और आबादी वाले क्षेत्र में डंपिंग यार्ड नहीं बनाने के लिए कहा है।

### अवैध हथियार और दस जिंदा कारतूस समेत चार आरोपी गिरफ्तार

पलवल,। पलवल पुलिस ने गाड़ी में सवार होकर पलवल कोर्ट आते समय चार युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देसी कट्टे व दस जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ कैंप थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ प्रभारी हनीश खान ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को टीम गश्त पर कैंप थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-19 पर अटोहा चौक के पास फ्लाई ओवर के नीचे मौजूद थी। उसी समय मुखबिर ने गुप्त सूचना दी कि हसनपुर चौक होडल निवासी रुपेश अपने तीन साथियों के साथ होडल से गाड़ी में कोर्ट में पेशी पर आ रहा है। जिनके पास काफी मात्रा में अवैध असला है। उसी समय मुखबिर ने गुप्त सूचना दी कि हसनपुर चौक होडल निवासी रुपेश अपने तीन साथियों के साथ होडल से गाड़ी में कोर्ट में पेशी पर आ रहा है। जिनके पास काफी मात्रा में अवैध असला है।

# अनियोजित विकास के कारण जलवायु परिवर्तन की चुनौती खड़ी हुई : योगी आदित्यनाथ

प्रात : किरण, संवाददाता



लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती है और अनियोजित तथा अवैज्ञानिक विकास के कारण ऐसा हुआ है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 701 वन दरोगाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के लिए यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पर्यावरण (बढ़ता प्रदूषण) आज जीव सृष्टि के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। योगी ने कहा, दुनिया चिंतित है, देश का हर वो व्यक्ति चिंतित है जो पर्यावरण और जीव सृष्टि तथा उसके उज्ज्वल भविष्य के बारे में थोड़ा बहुत भी सकारात्मक भाव रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा,जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए एक चुनौती है, लेकिन यह कहीं और से नहीं आया है। अनियोजित और अवैज्ञानिक विकास के पथ पर बढ़ने का परिणाम है कि मनुष्य इसे समस्या के रूप में झेल रहा है। उन्होंने इसे समझाते हुए कहा, कहीं अतिवृष्टि है तो कहीं हीट वेव चल रही है। कहीं बाढ़ से जीवन तबाह है तो कहीं एक बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं। चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए योगी ने कहा, जीव-जंतु की इस सृष्टि के वास्ते कुछ कर गुजरने के लिए आपको एक अवसर मिल रहा है। इसके पहले उन्होंने कहा, मुझे प्रसन्नता है कि आज उत्तर प्रदेश वन विभाग को 701 नये वन दरोगा मिल रहे हैं। इससे पहले सितंबर में 647 वन रक्षक, विभाग को मिले थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन विभाग में विभिन्न स्तर पर जो खाई थी, इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति से उसे पाटने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे लिए और भी अधिक प्रसन्नता का क्षण यह है कि वन एवं पर्यावरण जैसे विभाग में नवनियुक्त 701 वन दरोगा में 140 महिलाएं हैं। योगी ने कहा, यह दिखाता है कि हम लोगों ने 20 फीसदी महिलाओं की भर्ती का जो एक लक्ष्य तय किया था, उसमें हमें सफलता प्राप्त हो रही है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों तथा सरकारी प्रतिबद्धताओं को साझा करते हुए सभी नवनियुक्त वन दरोगाओं को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति जागरुक किया और उन्हें बधाई दी। योगी ने अपने संबोधन में पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार ने प्रदेश में व्याप्त भाई-भतीजावाद को खत्म कर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष थी, जिसमें योग्यता के आधार पर युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का मौका दिया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2017 से अब तक सात लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यह पारदर्शिता और निष्पक्षता का परिणाम है कि युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछली सरकारों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में भर्ती की प्रक्रिया से सारे नातेदारी और रिश्तेदारी को खत्म किया है।

# मेरठ में शादी से दो दिन पहले कुख्यात अपराधी छह माह के लिए जिला बदर

प्रात : किरण, संवाददाता




मेरठ,। मेरठ के कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी सलमान को उसकी शादी के दो दिन पहले ही एक दर्जन से अधिक गंभीर मामलों के कारण जिला प्रशासन ने छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को कुख्यात अपराधी सलमान को जिला बदर किये जाने की पुष्टि की है। पुलिस की एक टीम ने शुक्रवार को सलमान के घर पहुंचकर जिला बदर की कार्रवाई की नोटिस चस्पा कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि कोतवाली क्षेत्र के इस्माइल नगर का निवासी सलमान शातिर अपराधी है और उस पर हत्या और कातिलाना हमले समेत रंगदारी मांगने के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। सिंह के अनुसार गिरोह के सरगना सलमान के खिलाफ पुलिस पूर्व में रिपोर्ट भेज चुकी थी। इस बीच अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) ने गुंडा अधिनियम में सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को सलमान को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया। एएसपी ने बताया कि सलमान के घर पुलिस टीम भेज नोटिस चस्पा करा दिया गया है और यह स्पष्ट हिदायत है कि वह छह माह तक मेरठ की सीमा के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता है। सिंह ने कहा कि इस आदेश का शक्ति से पालन कराया जाएगा। उधर,सलमान के परिजनों का कहना है कि पुलिस प्रशासन के इस आदेश से उनकी परेशानी बढ़ गई है क्योंकि सलमान का निकाह बुलंदशहर के सिकंदराबाद में होना तय है और कल 23 नवंबर को बारात जानी है। वहीं, मेरठ में ही 26 नवंबर को वलीमा है। उसके एक परिजन ने कहा कि शादी के कार्ड भी तमाम रिश्तेदारों और परिचितों को बांटे जा चुके हैं, जिसके बाद तमाम रिश्तेदार भी घर आ चुके हैं। उसने कहा कि सलमान की शादी की तैयारी पूरी हो चुकी है और मेरठ में वलीमे के लिए मैरिज होम भी बुक किया जा चुका है। सलमान कुछ अरसा पहले ही अदालत से जमानत मिलने पर जेल से छूटकर बाहर आया था। जमानत पर बाहर आने के बाद सलमान के परिजनों ने उसका निकाह बुलंदशहर के सिकंदराबाद में तय कर दिया था।

# सरकार तथा उच्चतम न्यायालय को संभल जामा मस्जिद विवाद का संज्ञान लेना चाहिए: मायावती



प्रात : किरण, संवाददाता

लखनऊ,। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संभल की जामा मस्जिद को लेकर शुरू हुए विवाद पर शुक्रवार को सरकार तथा उच्चतम न्यायालय से संज्ञान लेने की अपील की। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, उत्तर प्रदेश के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद को लेकर अचानक विवाद, सुनवाई और फिर उसके फौरन ही बाद आपाधापी में सर्वेक्षण की खबरें राष्ट्रीय चर्चा तथा मीडिया की सुर्खियों में हैं। उन्होंने कहा, किन्तु इस प्रकार से सद्भाव और माहौल को बिगाड़ने का संज्ञान सरकार तथा माननीय उच्चतम न्यायालय को भी जरूर लेना चाहिए। संभल जिले की एक अदालत के आदेश पर मंगलवार को वहां की जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया। दावा है कि इस मस्जिद का निर्माण किसी मंदिर को खंडित करके किया गया है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मंगलवार को बताया था कि दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) की अदालत ने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिये एडवोकेट कमीशन गठित करने के निर्देश दिये। अदालत ने कहा है कि कमीशन के माध्यम से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी सर्वे कराकर अदालत में रिपोर्ट दाखिल की जाए। जैन ने कहा था, संबल में हरिहर मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है। हमारी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां पर दशावतार में से कल्कि अवतार यहां से होना है।

# रक्तदान से बड़ा नहीं कोई दान:हरीश कुमार वशिष्ठ

प्रात : किरण, संवाददाता




पलवल,। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय पलवल में शुक्रवार को महाविद्यालय की युवा रेडक्रॉस इकाई द्वारा महाविद्यालय के सह संस्थापक ब्रह्मलीन श्री परमानंद जी कालड़ा की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र कालडा की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला के उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम की शुरूआत उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व त्याग मूर्ति ब्रह्मलीन गोस्वामी गणेश दत्त महाराज, ब्रह्मलीन श्री परमानंद जी एवं युवा रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डोनट को पुष्पांजलि से हुई। शिविर के मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार ने रक्तदान का उद्देश्य की व्याख्या करते हुए कहा कि सबसे मूल्यवान उपहार जो हम दे सकते हैं वह है रक्तदान। रक्तदान करने से एक या अधिक लोगों की जान बच सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें ऊँचे सपने देखने होते हैं और जब तक वो सपने पूरे न हो तब तक हमें विश्राम नहीं करना चाहिए। प्रबंधक समिति के प्रधान एवं शिविर के अध्यक्ष महेंद्र कालडा ने वंदे मातरम के उद्घोष के साथ रक्तदान की महत्वता को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। डॉ. जय भगवान मुख्य चिकित्सा अधिकारी पलवल ने रक्तदान के नारे ह्लकिसी को मरने मत दो, रक्तदान करो और जीवन बचाओह्व के साथ विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया` महाविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पी के वर्मा ने प्रभावशाली ढंग से मंच संचालन किया। इस रक्तदान शिविर में सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉक्टर राहुल, विजेंदर सोरोत, सचिव, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल और अपना ब्लड बैंक से डॉ. प्रशांत एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के युवा रेडक्रॉस के वॉलेंटियर्स का रक्तदाताओं को जागरूक करने में एवं कार्यक्रम के संचालन में विशेष योगदान रहा। प्रबंध समिति के सचिव से बंसीधर मखीजा ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय की युवा रेड क्रॉस इकाई की प्रभारी डॉ रुचि शर्मा ने रक्तदाता जागरूकता अभियान चलाया था जिससे इस विशाल रक्तदान शिविर में 112 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ और जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल के प्राचार्य स्टाफ एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। यह रक्त एकत्रित करने के लिए सरकारी अस्पताल के डॉक्टर सरफराज एवं सोमेश का विशेष योगदान रहा।

# अमेठी में सड़क हादसे में सपा नेता की मौत

प्रात : किरण, संवाददाता



अमेठी,। समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे पार्टी के अमेठी ब्लॉक के अध्यक्ष की शुक्रवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार अमेठी में समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष दरपीपुर निवासी आनन्द वर्मा (55) जिला मुख्यालय स्थित सपा कार्यालय में मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद मोटरसाइकिल से वापस घर लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार तभी गौरीगंज में विद्युत थाने के पास खड़ी बोलेरो गाड़ी का गेट चालक ने अचानक खोल दिया जिससे आनन्द की मोटरसाइकिल कार के गेट से टकरा गई और वह वहीं पर गिर गए। तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी ने आनन्द को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद लोग गंभीर रूप से घायल आनन्द को जिला चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्कॉर्पियो चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि वर्मा सपा के बहुत ही कर्मठ कार्यकर्ता थे और उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने राज्य के सभी जिलों में 22 नवंबर को सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की जन्म जयंती पर शुक्रवार को समारोह आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सीएम घोषणा के विकास कार्यों को निर्धारित समय में करें पूरा : विक्रम सिंह

- डीसी बोले, सीएम घोषणा से जुड़े लंबित कार्यो का निपटारा करके एटीआर पोर्टल पर करें अपडेट

प्रात : किरण, संवाददाता




फरीदाबाद, । डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी तुरंत प्रभाव से गंभीरता से सरल, सीएम विंडो, सीपी ग्राम पर आई शिकायतों का समाधान करें। डीसी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं को लेकर हर समय अपडेट रहें। सरकार और प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिले। डीसी विक्रम सिंह शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरल, सीएम विंडो, सीपी ग्राम और सीएम घोषणा से जुड़ी शिकायतों पर गहनता से बैठक में समीक्षा कर रहे थे। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सीएम विंडो और ऑनलाइन पोर्टल पर आईं शिकायतों को सभी विभागों के अधिकारी डेली बेसिस पर समीक्षा कर समाधान निकालें तथा सरल, सीएम घोषणा में जो भी कार्य अभी भी अधूरे हैं, उनको जल्द से जल्द पूरा करें। सीएम घोषणा से रिलेटेड लंबित कार्यो का निपटारा करके एटीआर पोर्टल पर भी अपडेट करें। डीसी विक्रम सिंह ने बैठक में क्रमवार सभी विभाग के अधिकारियों/प्रतिनिधियों को सरल, सीएम विंडो, सीपी ग्राम और सीएम घोषणा से संबंधित आई शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। वहीं उन्होंने कई विषयों पर संबंधित अधिकारियों से सुझाव भी सांझा किए व सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में एडीसी विश्राम कुमार मीणा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बडखल अमित मान, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, आरटीए सचिव मुनीश सहगल सहित अन्य कई संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

### फरीदाबाद में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद,। फरीदाबाद में देसी कट्टा और कारतूस के साथ आरोपी को अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से अवैध असलाह खरीद कर लाया था। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम गश्त पर थी। इसी दौरान अपराध शाखा टीम को गुप्त सूत्रों से आरोपी मोहित पर देसी कट्टा होने की सूचना मिली। जिस पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा टीम ने आरोपी को सेक्टर-37 बाईपास रोड से काबू कर लिया। आरोपी से देसी कट्टा व कारतूस बरामद किया गया। थाना सराय ख्वाजा में आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामल दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी मोहित मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला बुलंदशहर के गांव बिछट सुजानपुर का रहने वाला है और अभी मलेरना रोड आदर्श नगर में रह रहा है। पूछताछ में सामने आया कि देसी कट्टा व कारतूस को बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के बस स्टैण्ड पर से किसी अनजान व्यक्ति से 5500 रुपए में खरीद कर लाया था। आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में आरोपी पर पूर्व में भी 2 चोरी के मामले थाना आदर्श नगर में दर्ज है।

# उप्र के वाराणसी में धार्मिक आयोजनों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 15 महिलाएं गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता



वाराणसी। उत्तर प्रदेश में वाराणसी जिले के रामनगर थाना पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत डोमरी में आयोजित एक धार्मिक कथा में आभूषण चोरी की घटनाओं में शामिल 15 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, प्रसिद्ध कथावाचक प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान आभूषण चुराने के आरोप में महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से करीब 10 लाख रुपये के आभूषण बरामद किए गए हैं। पंडित मिश्रा की कथा में आभूषण चोरी की घटना के संबंध में रामनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद इन महिलाओं को पकड़ा गया। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए बृहस्पतिवार को कथा स्थल का दौरा किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के शिनाख्त करने का निर्देश दिया। पुलिस को जांच करने पर पता चला कि ये महिलाएं बड़े-बड़े आयोजनों में आभूषण चोरी करने वाले गिरोह का हिस्सा थीं। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ईशान सोनी ने बताया, वे कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की तरह आती थीं और भीड़ में घुलमिल जाती थीं। वे किसी की नजर में आए बिना ही अपने अपराध को अंजाम देती थीं। बरामद की गई चोरी की वस्तुओं में दो सोने की चेन और नौ मंगलसूत्र शामिल हैं, जिनकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। सोनी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि महिलाओं ने पूछताछ के दौरान गलत नाम और पते बताए हैं। पुलिस, महिलाओं से गिरोह के संचालन के बारे में और जानकारी हासिल करने के लिए जांच कर रही है। एसीपी ने बताया, सभी 15 महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस उनके संपर्कों की पहचान करने और उनकी आपराधिक गतिविधियों का पता लगाने के लिए काम कर रही है।

# पलवल में विधायक ने किया करोडों के विकास कार्यों का शिलान्यास

प्रात : किरण, संवाददाता




पलवल,। पलवल की होडल नगर परिषद के वार्डों में 13 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुक्रवार को विधायक हरेंद्र रामरतन ने नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। इस मौके पर नगर परिषद चेयरपर्सन, वार्ड पार्षद व नगर परिषद के अधिकारी मौजूद थे। विधायक ने वार्ड के लोगों को जल्द इन विकास कार्यों को पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक हरेंद्र रामरतन ने लगभग 13 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों व गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए जा रहे ड्रेन का शिलान्यास किया। जिनमें 36 लाख रुपए की लागत से बृज खंड वाली सड़क का निर्माण, 80 लाख की लागत से शाखा वाली गली का निर्माण, 99 लाख से बुर्जा मंदिर वाली सड़क, 1 करोड़ 98 लाख से बक्सुआ पट्टी से पुन्हाना मार्ग तक सड़क, 1 करोड़ 60 लाख से जगजीराम राम चौक से बस स्टैंड तक नाले का निर्माण, 2 करोड़ 10 लाख की लागत से जगजीवन राम चौक से चिंत मंदिर तक नाली व सड्क का निर्माण, 1 करोड़ 6 लाख से रामलीला मैदान से हसनपुर चौक तक ड्रेन का निर्माण के अलावा कई अन्य दर्जनों सडक व ड्रेन का नारियल फोडकर शिलान्यास किया गया है। विधायक ने कहा कि जिन विकास कार्यों का आज शिलान्यास किया गया है। उन पर जल्दी निर्माण कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। विकास कार्यों में यदि कोई ठेकेदार घटिया सामग्री का इस्तेमाल करेगा तो उसका सैंपल दिल्ली लैब में टेस्ट कराया जाएगा और अगर कोई भी कमी पाई गई तो उक्त ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बीआरडी मेडिकल कॉलेज में कनिष्ठ छात्रों की कथित रैगिंग के मामले में सात वरिष्ठ छात्र निलंबित

प्रात : किरण, संवाददाता

गोरखपुर । गोरखपुर के बाबा राघव दास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज में जूनियर छात्रों के छात्रावास में बिना अनुमति के घुसने और रैगिंग करने के आरोप में सात वरिष्ठ छात्रों को निलंबित कर दिया गया है।

एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

हालांकि रैगिंग का कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं मिला लेकिन कॉलेज प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्रावास के नियमों का उल्लंघन करने के लिए वरिष्ठ छात्रों को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया है।

कॉलेज के एंटी-रैगिंग प्रकोष्ठ को एक गुमनाम ईमेल प्राप्त होने के बाद जांच का आदेश दिया गया था।

शिकायत के अनुसार यह घटना 10-11 नवंबर की रात को हुई, जब छठ पूजा की छुट्टियों से लौटे एमबीबीएस-2024 बैच के छात्र अपने छात्रावास में थे।

इस बीच 2023 बैच के सात वरिष्ठ छात्र कथित तौर पर रात 10 बजे के आसपास छात्रावास में घुसे और करीब 30 मिनट तक रुके।

सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा से पुष्टि हुई कि वरिष्ठ छात्र बिना पूर्व अनुमति के छात्रावास में घुसे थे, हालांकि, फुटेज में रैगिंग का कोई ठोस सबूत नहीं मिला।

इसके बावजूद, एंटी-रैगिंग समित ने इस घटना को अनुशासन का गंभीर उल्लंघन माना, जिसके कारण सात छात्रों को निलंबित कर दिया गया।

इस बीच वरिष्ठ छात्रों ने अपने बचाव में दावा किया कि वे कनिष्ठ छात्रों के साथ क्रिकेट टीम बनाने पर चर्चा करने के लिए छात्रावास में घुसे थे।

हालांकि, उन्होंने कॉलेज प्रशासन को सूचित नहीं किया और न ही अपने प्रवेश या प्रस्तावित गतिविधि के लिए अनुमति मांगी।

बीआरडी के प्राचार्य रामकुमार जायसवाल ने निलंबन की पुष्टि करते हुए कहा, रैगिंग का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन कनिष्ठ छात्रों के छात्रावास में वरिष्ठ छात्रों का अनधिकृत प्रवेश अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है।

इस तरह की हरकतें परिसर के माहौल को बिगाड़ती हैं और हम उन्हें बर्दाश्त नहीं कर सकते।

उन्होंने जोर देकर कहा कि निलंबित छात्रों को अगले तीन महीने तक कॉलेज या छात्रावास परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इस अवधि के दौरान वे अपने माता-पिता के संरक्षण में रहेंगे। जायसवाल ने भविष्य में सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि निलंबित छात्रों को एक हलफनामा प्रस्तुत करना होगा।



# राम पोथिनेनी की नई फिल्म का एलान, पी महेश और पुष्पा 2 के निर्माताओं के साथ मिलाया हाथ

राम पोथिनेनी बॉक्स ऑफिस पर बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। लगातार पांच फिल्में फ्लॉप होने के बाद अभिनेता टिकट खिड़की पर सफलता पाने के लिए पहले से कहीं ज्यादा बेताब हैं। ऐसे समय में जब अभिनेता कुछ राहत की तलाश में हैं, उन्होंने मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी फेम निर्देशक पी महेश बाबू के साथ एक नई फिल्म साइन की है। महेश बाबू पी ने आखिरी बार अनुष्का शेट्टी अभिनीत मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी का निर्देशन किया था, जो बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता थी। इस नए प्रोजेक्ट की एक विशेषता यह है कि इसे मशहूर मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा पर्याप्त बजट पर बनाया जाएगा। प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है और निर्माताओं ने घोषणा की है कि फिल्म के लिए भाग्यश्री बोरसे को चुना गया है, जो आखिरी बार रवि तेजा के साथ मिस्टर बच्चन में नजर आई थीं।
राम मेकओवर के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार अभिनेता देहाती बदलाव से गुजरेंगे, जिसे देख पता चलता है कि फिल्म एक देहाती ड्रामा होगी। काफी समय हो गया है, जब राम किसी गांव के नाटक का हिस्सा बने हैं और शायद यही वजह है कि उन्होंने एक देसी कहानी को चुना। प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवीज ने 19 नवंबर को नई फिल्म के लॉन्च की घोषणा की है। उन्होंने आधिकारिक हैंडल एक्स पर इसे पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा, अनटोल्ड इमोशन्स को फिल्माने की खूबसूरत यात्रा की शुरुआत।

## देहाती ड्रामा होगी फिल्म

मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी की सुपर सफलता से उत्साहित निर्देशक पी महेश ने कथित तौर पर एक देहाती ड्रामा लिखा है, जिसमें एक्शन की भरमार है। यह एक चरित्र-आधारित फिल्म है और राम इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राम पहले त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ एक फिल्म करने वाले थे, लेकिन बजट के मुद्दों और रचनात्मक पहलुओं के कारण इस परियोजना को रोक दिया गया, तब से अभिनेता ने अपना ध्यान महेश की फिल्म पर केंद्रित कर लिया है।



# नागा चैतन्य की दुल्हन बनने को तैयार शोभिता, पहले रहा एक अफेयर

इन दिनों अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला काफी खुश हैं, उनकी जल्द ही दक्षिण भारतीय अभिनेता नागा चैतन्य से शादी होने वाली है। यह दोनों 4 दिसंबर को शादी के बंधन में बंध जाएंगे। इन दिनों वह अपनी शादी का कार्ड दोस्तों, रिश्तेदारों और जानकारों को बांट रही हैं। नागा चैतन्य भी शोभिता का साथ पाकर बहुत खुश हैं। वैसे नागा से पहले भी शोभिता एक रिश्ते में रही हैं। उनका अफेयर एक फैशन डिजाइनर के साथ रहा।

## जानिए कौन है वो फैशन डिजाइनर?

शोभिता के पहले रिश्ते की बात की जाए तो वह फैशन डिजाइनर प्रणव मिश्रा के साथ रिलेशनशिप में रही हैं। यह दोनों साल 2019 में मिले। दोनों पहले दोस्त बने और बाद में यह दोस्ती प्यार में बदल गई। अपने रिश्ते को उस समय शोभिता और प्रणव ने खुलकर स्वीकार किया था दोनों साथ में वैकेशन पर जाते और सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी साझा करते। प्रणव अकसर ही शोभिता की सोशल मीडिया पोस्ट पर प्यारे प्यारे कमेंट भी किया करते थे। लेकिन इतना प्यार होने के बावजूद भी दोनों की राहें कुछ समय बाद ही जुदा हो गईं। इनका रिश्ता कुछ समय तक ही चला। अब तक किसी को नहीं पता है कि किन कारणों से शोभिता और प्रणव अलग हुए। शोभिता प्रणव से रिश्ता टूटने के बाद अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गईं और फिल्मों में व्यस्त हो गईं। इसी दौरान उनकी मुलाकात नागा चैतन्य से हुई। दोनों को जल्द ही एक दूसरे से प्यार हो गया। अब यह दोनों शादी करने वाले हैं और अपनी एक प्यार भरी नई दुनिया बसाने वाले हैं।

## नागा की दूसरी पत्नी बनेंगी शोभिता

शोभिता और नागा प्यार में डूबे हुए नजर आते हैं। शोभिता भी नागा का साथ जीवन भर के लिए पाकर खुश है लेकिन वह नाग की पहली नहीं दूसरी पत्नी बनने जा रही हैं। दरअसल, नागा की पहली शादी समांथा रूथ से हुई थी लेकिन कुछ सालों बाद इनका तलाक हो गया। अभिनेता नागार्जुन, शोभिता के होने वाले ससुर हैं।

# विजय देवरकोंडा ने रश्मिका मंदाना के साथ रिश्ते पर लगाई मुहर? शादी की योजना पर तोड़ी चुप्पी

विजय देवरकोंडा अपने व्यवसायिक जीवन के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। बीते लंबे समय से खबरें हैं कि विजय, साउथ की चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ रिश्ते में हैं। इसी बीच अभिनेता ने प्यार, रिश्तों और शादी पर अपने विचार साझा किए हैं। एक हालिया इंटरव्यू मे, विजय ने पुष्टि की कि वह रिलेशनशिप में हैं। साथ ही उन्होंने पहले भी अपनी को-स्टार्स में से एक को डेट करने की बात कबूली। अभिनेता का बयान नेटिजन्स का खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है।

## सिंगल नहीं हैं विजय देवरकोंडा

इंटरव्यू के दौरान विजय ने इस बात की पुष्टि की कि वह फिलहाल रिलेशनशिप में हैं। अभिनेता ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं 35 साल का हूं, क्या आपको लगता है कि मैं सिंगल रहूंगा? जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी किसी को स्टार को डेट किया है, तो उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा, मैंने किया है। अभिनेता ने इस बात पर जोर दिया कि वह रोमांटिक रिश्ते में आगे बढ़ने से पहले एक मजबूत दोस्ती बनाना पसंद करते हैं। अभिनेता के शब्दों में, मैं डेट पर बाहर नहीं जाता। मैं किसी को लंबे समय तक जानने के बाद, दोस्ती बनाने के बाद ही बाहर जाता हूं। विजय और रश्मिका ने गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड जैसी फिल्मों में एक साथ अभिनय किया है। दोनों के बीच मजूबत बॉन्ड है जिसकी वजह से उनकी डेटिंग की अटकलों को और हवा मिलती है।



## बिना शर्त प्यार पर नहीं भरोसा

हाल ही में, रश्मिका मंदाना ने विजय देवरकोंडा की आगामी फिल्म वीडी 12 में उनके लुक की सराहना की। वहीं, पुष्पा 2 के ट्रेलर की रिलीज के बाद विजय ने रश्मिका की प्रशंसा की। विजय ने बिना शर्त प्यार के विषयों पर भी बात की और शादी की योजनाओं के बारे में बताया। अभिनेता ने टिप्पणी की, मुझे पता है कि प्यार करना कैसा लगता है, और मुझे पता है कि प्यार करना क्या होता है। मैं बिना शर्त प्यार नहीं जानता क्योंकि मेरा प्यार उम्मीदों के साथ आता है, इसलिए स्पष्ट रूप से मेरा प्यार बिना शर्त नहीं है। मुझे लगता है सबकुछ अति-रोमांटिक हो गया है। मैं यह भी नहीं जानता कि बिना शर्त प्यार की उम्मीद करना ठीक है या नहीं।





# जब नयनतारा ने बदला अपना धर्म, हिंदू रीति रिवाज से की शादी, विग्नेश शिवन के साथ जोड़ा जन्मों का साथ

नयनतारा अपनी डॉक्यूमेंट्री में नजर आ रही हैं। नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर हिट नजर आ रही हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे अभिनेत्री ने ईसाई धर्म से धर्मांतरण के बाद विग्नेश शिवन के साथ हिंदू रीति रिवाज से शादी करने का फैसला किया।

## हिंदू रीति रिवाज से की शादी

नयनतारा ने ईसाई होने के बाद भी पति विग्नेश के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शादी की। नयनतारा ने बताया कि वे जन्म से ही ईसाई हैं। उनकी मां हमेशा उन्हें शादी के गाउन में देखना चाहती थीं, हालांकि मैं फिर हिंदू बन गई और मुझे हिंदू रीति रिवाजों से ही शादी करनी थी। अभिनेत्री ने इसके अलावा भी हिंदू रीति रिवाजों से शादी करने का फैसला लिया।

## नयनतारा का ये है असली नाम

अभिनेत्री नयनतारा का असली नाम डायना कुरियन है। इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले उन्होंने अपना नाम बदलकर नयनतारा कर लिया। साल 2011 में उन्होंने अपना धर्म बदल लिया था। वे पति विग्नेश शिवन के साथ तिरुपति मंदिर में शादी करना चाहती थीं।

## नयनतारा- बियॉन्ड द फेयरीटेल को लेकर हो रही है चर्चा

नयनतारा की बायोग्राफी डॉक्यूमेंट्री हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई है। इस बायोग्राफी को प्रशंसक बहुत पसंद कर रहे हैं। बायोग्राफी में दिखाया गया कि कैसे जन्म से ईसाई होने के बाद भी नयनतारा ने अपना धर्म बदल लिया। फिर अपना नाम भी बदल लिया। वे हिंदू त्योहारों को आज भी बहुत धूमधाम से मनाती हैं।



# कौन हैं मीनाक्षी चौधरी? जिनकी नागार्जुन के भतीजे के साथ शादी को लेकर हो रही चर्चा

मीनाक्षी चौधरी साउथ की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। इस समय वे कई सारी फिल्मों पर काम कर रही हैं। हाल ही में मीनाक्षी चौधरी की मटका रिलीज हुई है। फिल्म के साथ ही मीनाक्षी चौधरी की शादी की खबरें भी चर्चा में आ गई हैं। खबरें हैं कि मीनाक्षी नागार्जुन के भतीजे के साथ शादी रचाने वाली हैं। हालांकि, इस बात पर मीनाक्षी ने अपना पक्ष साफ कर दिया है कि फिलहाल शादी का कोई प्लान नहीं है। आइए आपको बताते हैं कौन हैं मीनाक्षी चौधरी, जिन्हें लेकर इतनी चर्चा हो रही है।

## कौन हैं मीनाक्षी चौधरी

मीनाक्षी हरियाणा के पंचकूला से हैं। मीनाक्षी चौधरी तेलुगु और तमिल फिल्मों की बेहतरीन अदाकारा हैं। 2017 में मीनाक्षी को भारतीय सैन्य अकादमी ऑटम बॉल नाइट के दौरान मिस आईएमए चुना गया। साल 2018 फेमिना मिस इंडिया में उन्होंने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व किया था। साल 2018 में ही उन्होंने फेमिना मिस इंडिया में मिस फोटोजेनिक का खिताब भी जीता। साल 2018 में फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल में पहली रनरअप रहीं थीं।

## डेंटल सर्जरी की पढ़ाई की


मीनाक्षी चौधरी ने डेंटल सर्जरी की पढ़ाई पंजाब के डेरा बस्सी के नेशनल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से की। उन्होंने चंडीगढ़ से अपनी पढ़ाई पूरी की है। हालांकि, मेडिकल लाइन में न जाकर उन्होंने अभिनय में अपना करियर बनाने की ठानी।

## इन फिल्मों से किया बड़े पर्द और ओटीटी में डेब्यू

मीनाक्षी ने फिल्म इचता वाहन मुलु निलुपराडु से साल 2021 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। वहीं, वेब सीरीज आउट ऑफ लव से ओटीटी में डेब्यू किया था। उन्हें रमेश वर्मा पेनमेत्सा की फिल्म खिलाड़ी में भी देखा गया। मीनाक्षी ने तेलुगु भाषा की रहस्य-थ्रिलर फिल्म हिट- द सेकंड केस में मुख्य महिला किरदार के रूप में भी काम किया है।

## इन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं अभिनेत्री

उन्हें कोलाई, गुंटूर कारम, सिंगापुर सैलून, अब तक का सबसे महान, लकी बस्तर, मटका, मैकेनिक रॉकी, हिट- दूसरा मामला जैसी फिल्मों में देखा जा चुका है।



# मिर्जापुर-द मूवी में कम्पाउंडर की हो रही वापसी, एक बार फिर से इस किरदार को निभाने को लेकर बोले अभिषेक बनर्जी

अभिषेक बनर्जी ने स्त्री और भेड़िया जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है ।अब वह मिर्जापुर में अपने किरदार कम्पाउंडर को दोहराने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बनर्जी का कहना कि इस भूमिका ने उनके करियर को नया रूप दिया और वह मिर्जापुर-द मूवी में एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्साहित हैं। स्त्री, भेड़िया और स्त्री 2 जैसी फिल्मों में अपने काम से लोगों के दिलों में खास जगह बना चुके एक्टर अभिषेक बनर्जी के दिल के करीब है मिर्जापुर में निभाया उनका किरदार। उनके मुताबिक कम्पाउंडर के किरदार ने उनके करियर को नया मोड़ दिया।

## एक बार फिर से मुझे इस किरदार को निभाने का मौका मिला


अपने इसी रोल को लेकर बातें करते हुए उन्हेंने कहा, मिर्जापुर द मूवी में कम्पाउंडर को फिर से लोगों के बीच लाने को लेकर मैं बेहद ही उत्सुक हूं। यह किरदार मेरे करियर में एक मील का पत्थर रहा है और मेरे दिल के करीब भी है। कम्पाउंडर का किरदार निभाना मेरे लिए एक खास और गहरा अनुभव था। एक बार फिर से मुझे इस किरदार को निभाने का मौका मिला है और मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

## यह फैन्स के लिए भी एक तोहफा है

बनर्जी ने कहा, कंपाउंडर के किरदार में बहुत गहराई है। मैं जानता हूं कि फैंस मेरे इस किरदार को देखने के लिए तरस रहे हैं। इस किरदार को वापस लाना न केवल एक एक्टर के रूप में मेरे लिए रोमांचकारी होगा, बल्कि यह फैन्स के लिए भी एक तोहफा है जिसकी वह ख्वाहिश करते हैं। आखिरकार, मिर्जापुर ने अपना खुद का एक फैन बेस बनाया है, इसलिए कम्पाउंडर के किरदार को फिर से निभाना मेरे लिए एक खास तरह का अनुभव है।
मिर्जापुर के सीजन 1 में बनर्जी द्वारा निभाया गया कम्पाउंडर का किरदार इस सीरीज के सबसे चर्चित किरदारों में से एक बनकर सामने आया था। इस किरदार के जरिए बनर्जी ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी है।

# शाहिद कपूर के साथ रिश्ते पर बोले ईशान खट्टर

अभिनेता ईशान खट्टर और शाहिद कपूर एक दूसरे के साथ अच्छा बॉन्ड साझा करते हैं। वे सोशल मीडिया पर भी तस्वीरें साझा करते रहते हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक साथ तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए और वीकेंड पर बाइक राइड करते हुए देखा जाता है। ईशान खट्टर हाल ही में हॉलीवुड फिल्म में नजर आए। ईशान, जो हाल के दिनों में कई हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में दिखाई दिए हैं, ने अपने बड़े भाई के साथ प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछे जाने पर बात की। इंटरव्यू में ईशान ने कहा एक प्रतिस्पर्धा से ज्यादा इसे वे आशीर्वाद मानते हैं। वे अपने भाई से सीखते हैं, साथ ही एक दूसरे से चीजें साझा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सिनेमा में उनकी यात्रा है और इसे वे पूरे आत्मविश्वास के साथ पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं किसी की छाया नहीं हूं। मैं किसी की सफलता का फायदा नहीं लेने वाला हूं। बियॉन्ड द क्लाउड्स की रिलीज से पहले ईशान खट्टर ने अपनी फिल्म का प्रमोशन किया। उन्होंने कहा कि भाई से तुलना किए जाने का ये कोई समय नहीं है। शाहिद उनके बड़े भाई हैं, उनसे वे किसी भी तरह से तुलना नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि वे दोनों एक टीम हैं न कि प्रतिद्वंदी।






## संक्षिप्त समाचार

### एक्सएटी 2025 रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक 30 नवम्बर, परीक्षा 5 जनवरी को होगी

**नईदिल्ली , एजेंसी।** राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख एमबीए प्रवेश परीक्षा द ज़ेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट ने एक्सएटी 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक की घोषणा कर दी है। वे उम्मीदवार जो बिज़नेस मैनेजमेन्ट में करियर बनाना चाहते हैं, 30 नवम्बर 2024 तक रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर यह परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 5 जनवरी, 2025 दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच होगा। 75 वर्षों की धरोहर के साथ, एक्सएटी ने देश भर में मैनेजमेन्ट के उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में अपने आप को मजबूती से स्थापित कर लिया है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 15 जुलाई से शुरू हुई थी, जिसके लिए बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। यह एमबीए/ पीजीडीएम उम्मीदवारों में परीक्षा की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। एक्सएटी देश भर के 250 से अधिक बिज़नेस स्कूल्स में प्रवेश के लिए गेटवे की भूमिका निभाता है। ''पिछले 75 सालों से एक्सएटी मैनेजमेन्ट के उम्मीदवारों के लिए गेटवे की भूमिका निभा रहा है और यह साल भी अलग नहीं है। रजिस्ट्रेशन की अंतिम दिनांक 30 नवम्बर 2024 नज़दीक आ रही है, ऐसे में हम उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करते हैं कि बिज़नेस मैनेजमेन्ट में करियर का सपना साकार करने के लिए इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करें। एक्सएटी की मूल्यांकन प्रक्रिया देश भर की प्रतिभा को मैनेजमेन्ट में करियर बनाने का मौका देती है और हम हर उम्मीदवार को सहज अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' डॉ राहुल शुक्ला, कन्वेनर, एक्सएटी 2025 ने कहा।

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने अपने फेफड़ों के काम-काज को जानिए की थीम के साथ सीओपीडी का शुरुआत में पता लगाने की हिमायत की

**अहमदाबाद , एजेंसी।** विश्व सीओपीडी दिवस 2024 के अवसर पर, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल भी अब क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की विश्व स्तरीय मुहिम का हिस्सा बन गया है, जो इस दिशा में अस्पताल के समर्पण को दर्शाता है। इस साल अपने फेफड़ों के काम-काज को जानिए की थीम के साथ विश्व सीओपीडी दिवस मनाया जा रहा है, जो लंग्स फंक्शन टेस्टिंग के ज़रिये शुरुआती चरण में इसकी पहचान की अहमियत को उजागर करता है। इसमें स्पाइरोमेट्री पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो शुरुआत में ही सीओपीडी की पहचान के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक प्रमुख डायग्नोस्टिक टूल है। फेफड़ों की समय-समय पर जाँच के महत्व पर जोर देकर, अस्पताल लोगों को शुरुआती चरण में इसकी पहचान और सही समय पर इलाज के फायदों के बारे में जागरूक करना चाहता है, जो सीओपीडी को कारगर तरीके से नियंत्रित करने और मरीजों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए बेहद जरूरी है। डॉ. अमित पटेल, कन्सल्टेंट इंटरवेंशनल एंड ट्रांसप्लांट पल्मोनोलॉजिस्ट, और मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में उनकी टीम साथ मिलकर लोगों को अपने फेफड़ों की सेहत का ध्यान रखने और समय पर डॉक्टर की सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यह अस्पताल अव्वल दर्जे की उपचार सेवाओं की पेशकश के साथ-साथ ऐसे रिसर्च में भी अपना चाहिए देता है, जो सीओपीडी की समझ और उपचार को आगे बढ़ाते हैं।

**जरूरी वस्तुओं की कीमतों में गिरावट जल्द, सीएमआईई का दावा**

# प्याज के दाम 3,750 रुपये क्विंटल तक संभव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जरूरी वस्तुओं की कीमतों में जल्द कमी आने की उम्मीद है। हालांकि, दिसंबर अंत तक प्याज के दाम प्रति क्विंटल 3,750 रुपये तक आ सकते हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) का दावा है, ऊंची कीमतों से अब ग्राहकों को राहत मिल सकती है।

प्याज की थोक कीमतें जून से अक्तूबर तक 4,654 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई थीं। 16 नवंबर को समाप्त सप्ताह में कीमतें बढ़कर 5,131 रुपये प्रति क्विंटल हो गईं। जून से पहले यह 2,000 रुपये के



भाव पर थी। अब इसमें गिरावट आने लगी है। प्याज की कीमतों में गिरावट दो कारण से होगी। इस माह से प्याज की आवक बढ़ने लगी है। इससे आने वाले हफ्तों में कीमतों पर दबाव कम हो सकेगा। अक्तूबर में बाजारों में प्याज की आवक एक साल पहले की तुलना में 23.8त्न कम थी। एक से 19 नवंबर तक प्याज की आवक एक साल पहले की तुलना में 23.2 प्रतिशत ज्यादा रही है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की सचिव निधि खरे के मुताबिक, सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए कई पहल कीं। उनमें प्रमुख रूप से दालों के मुफ्त आयात, जमाखोरी रोकने के लिए भंडारण सीमा लागू करना, रियायती दरों पर चना और मूंग दाल की खुदरा बिक्री जैसे कदम शामिल हैं। जहां प्याज की खुदरा बिक्री 35 रुपये की दर से हो रही है। उनके मुताबिक, पिछले एक हफ्ते से इन सभी वस्तुओं की कीमतें स्थिर रही हैं और अब उनमें कमी भी आ रही है। कीमतों में तेजी मुख्य रूप से मौसमी और आपूर्ति के कारण रही हैं।

# नौकरी छोड़ गांव से शुरू किया काम, अब 5 करोड़ का बिजनेस

**शार्क टैंक के जज भी चौंक गए**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में ऊना जिले के बंगाणा गांव के 23 वर्षीय अंकुश बरजाता ने कम उम्र में ही बिजनेस में बड़ी कामयाबी हासिल कर ली है। उन्होंने लाखों की नौकरी छोड़कर अपनी ऑनलाइन मार्केटिंग कंपनी दीवा शुरू की। दीवा अब करोड़ों का सालाना कारोबार करती है। अंकुश हाल में शार्क टैंक इंडिया शो में भी दिखासई दिए। उनके अनोखे बिजनेस मॉडल ने शार्क टैंक के जजों अमन गुप्ता, राधिका गुप्ता और रितेश अग्रवाल को बहुत प्रभावित किया। तीन जजों से उन्होंने 2 करोड़ रुपये की डील झटकी। आइए, यहां अंकुश बरजाता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

हिमाचल प्रदेश के एक छोटे से गांव बंगाणा से काम करते हुए अंकुश बरजाता ने 5 करोड़ रुपये की कंपनी खड़ी कर सभी को चौंका दिया है। अंकुश का सफर आसान नहीं था। उन्होंने बचपन में कई



मुश्किलें देखीं। उनके दादा कपड़े बेचकर परिवार का गुजारा करते थे। मां भी घर चलाने में हाथ बंटाती थीं। अंकुश के दादा गांवों में सलवार कमीज बेचने वाले फेरीवाले थे। घर पर एक छोटी सी चाय की दुकान थी। सिर्फ एक ही बार भोजन करने को मिलता था। स्थिति इतनी दयनीय थी कि अंकुश की मां अपनी कलाइयों पर धागे लपेटती थीं। उनके पास चूड़ियां खरीदने तक के पैसे नहीं थे। 2004 में उनकी मां ने सिलाई की क्लास लेना और सूट बेचना शुरू कर दिया।

**शार्क टैंक में छा गए**

कंपनी में अंकुश के साथ 100 से ज्यादा लोग काम करते हैं। इनमें ज्यादातर युवा हैं। अंकुश का मानना है कि युवाओं को रोजगार देना भी उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। शार्क टैंक इंडिया शो में दीवा की सफलता ने कंपनी को एक नई पहचान दिलाई है। शो में आने के बाद कंपनी की वेबसाइट पर ट्रैफिक बढ़ गया। दीवा को शो में तीन जजों ने निवेश करने की पेशकश की।

**कुछ बड़ा करने की चाहत में छोड़ी नौकरी**

अंकुश का जन्म 13 दिसंबर, 2000 को बंगाणा में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई राजकीय सीनियर सेकेंड्री स्कूल बंगाणा से पूरी की। साल 2011 में घर की स्थिति में तब सुधार शुरू हुआ जब अंकुश के पिता रिटेल आउटलेट की नौकरी छोड़कर व्यवसाय में शामिल हो गए। अंकुश कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट हैं। नौकरी लगने पर उन्हें 26.28 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला। लेकिन, कुछ बड़ा करने की चाहत में उन्होंने यह नौकरी छोड़ दी। उन्होंने खुद का व्यवसाय शुरू करने का फैसला लिया। साल 2020 में अंकुश ने दीवा की शुरुआत की। यह एक ऐसा मार्केटिंग प्लेटफॉर्म है जो देशभर के साड़ी निर्माताओं को सीधे ग्राहकों से जोड़ता है।

**ऐसे आया आइडिया**

दरअसल, अंकुश जब हैदराबाद की एक कंपनी में सेल्स और मार्केटिंग की नौकरी कर रहे थे, उन्हीं दिनों में काम के सिलसिले में उनकी मुलाकात एक साड़ी निर्माता से हुई। वह 300 रुपये में साड़ियां बेच रहे थे। उनसे बात करने के बाद उन्हें समझ आया कि जहां निर्माता 300 रुपये में साड़ी बनाते हैं, वहीं उसी को देश में 1,000 रुपये में बेचा जाता है। इसके बाद ही अंकुश ने अपना कारोबार शुरू करने का फैसला किया था। दीवा के जरिये देशभर में करीब 60 प्रकार की साड़ियों की बिक्री की जाती है। कंपनी का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। इसका सालाना कारोबार करीब पांच करोड़ रुपये का है।

## जेपटो ने जुटाई 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बड़ी फंडिंग, भारतीय निवेशकों का मिला जबरदस्त सपोर्ट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्विक कॉमर्स कंपनी जेपटो ने भारतीय निवेशकों से 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बड़ी फंडिंग जुटाई है। इस फंडिंग राउंड में भारतीय एचएनआई (हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स), पारिवारिक कार्यालयों और प्रमुख वित्तीय संस्थानों से निवेश प्राप्त हुआ है। कंपनी ने आज इसकी घोषणा की और इसे भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में सबसे बड़ा 100 प्रतिशत घरेलू फंड जुटाने का रिकॉर्ड बताया। यह राशि खास तौर पर भारतीय निवेशकों द्वारा निवेश की गई है, जो इस बदलाव और विकास को समर्थन दे रहे हैं।

इस फंडिंग राउंड में निवेशकों का नेतृत्व मोतीलाल ओसवाल के निजी संपत्ति प्रभाग ने किया। इसके अलावा रामदेव अग्रवाल, तापड़िया फैमिली ऑफिस, मैनकाइंड फार्मा फैमिली ऑफिस, हल्दीराम स्नैक्स फैमिली ऑफिस, सेखसारिया फैमिली ऑफिस, और कई अन्य पारिवारिक कार्यालयों ने इसमें भाग लिया। इसके साथ ही, भारतीय फिल्म उद्योग के दिग्गज, जैसे अमिताभ बच्चन और सचिन तेंदुलकर, भी इस निवेश राउंड में शामिल थे। जेपटो ने बताया कि यह फंडिंग भारतीय निवेशकों के स्टार्टअप्स और नई कंपनियों में विश्वास और समर्थन को दर्शाती है। कंपनी के अनुसार, यह फंडिंग भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते घरेलू विकास को भी दिखाती है। पहले जहां भारतीय निवेशक स्टार्टअप्स में जोखिम लेने में संकोच करते थे, वहीं अब उनका नजरिया बदल चुका है और वे अधिक से अधिक निवेश करने के लिए तैयार हैं। वहीं जेपटो के सीईओ और सह-संस्थापक आदित पालीचा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि आज उनकी कंपनी ने न केवल इस बड़े पैमाने पर फंडिंग जुटाई है, बल्कि यह फंडिंग आने वाले स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरणा बनेगी। उन्होंने कहा कि यह एक संकेत है कि भारतीय निवेशक अब स्टार्टअप्स में निवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मोतीलाल ओसवाल के एमडी और सीईओ आशीष शंकर ने भी इस फंडिंग राउंड की सराहना करते हुए कहा कि वे जेपटो जैसे डिजिटल व्यवसायों के भविष्य में विश्वास रखते हैं, जो एक बड़े फ्री कैश फ्लो पावरहाउस बनने की क्षमता रखते हैं। जेपटो ने यह भी बताया कि इस फंडिंग से न केवल कंपनी को फायदा होगा, बल्कि यह भारतीय स्टार्टअप्स के लिए एक बड़ा उदाहरण बनेगा, जो आगामी दौर में निवेशकों से और अधिक समर्थन प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे।

# सोना 1400 रुपये उछलकर 79300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी स्थिर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 1,400 रुपये बढ़कर 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 77,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, गुरुवार को चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

बुधवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,400 रुपए बढ़कर 78,900 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि इससे पहले इसका भाव 77,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 568 रुपये अथवा 0.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,602 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

जानकारों के अनुसार, भू-राजनीतिक



तनाव के कारण सुरक्षित निवेश की मांग फिर से बढ़ने तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष में परमाणु खतरों को लेकर चिंता बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी व करेंसी के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, बढ़ते तनाव और वैश्विक बेचैनी की खबरों के कारण कॉमेक्स पर सोने की कीमतों में तेजी आई।

वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता सोने के लिए तेजी के रुझान को बढ़ावा दे रही है। त्रिवेदी ने कहा कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण अल्पावधि में उच्च अस्थिरता की उम्मीद है। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 318 रुपये या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 90,407 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोने का वायदा 19.80 डॉलर प्रति औंस या 0.74 प्रतिशत बढ़कर 2,695.40 डॉलर प्रति औंस हो गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, रूस और यूक्रेन के बीच संकट बढ़ने के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश की ओर लौटने से सोने में तेजी आई। हाल ही में अमेरिका निर्मित लंबी दूरी की मिसाइलों से हमले के बाद यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में ब्रिटेन निर्मित मिसाइलों को तैनात किया है। यूक्रेन ने गुरुवार को कहा कि रूस ने देश के मध्य-पूर्व में स्थित द्निप्रो शहर को लक्ष्य करते हुए रात में एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी। यदि इसकी पुष्टि हो जाती है तो यह पहली बार होगा जब मास्को युद्ध में ऐसी मिसाइल का प्रयोग करेगा। इस घटनाक्रम से व्यापक संकट की संभावना बढ़ गई, जिससे सुरक्षित परिसंपत्ति के रूप में सोने की मांग बढ़ गई। एशियाई बाजार में चांदी भी 0.29 प्रतिशत बढ़कर 31.53 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट (फंडामेंटल करेंसीज एंड कमोडिटीज) प्रवीण सिंह के अनुसार, व्यापारियों की नजर आने वाले समय में अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। इन आंकड़ों में फिलाडेल्फिया फेड की कारोबारी स्थितियां, मौजूदा आवास बिक्री और बेरोजगारी दावे शामिल होंगे। ये आंकड़े गुरुवार को जारी किए जाएंगे, जिनसे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत ब्याज दरों के बारे में संकेत मिलेंगे।

# भारत में ओप्पो फाइन एक्स8 सीरीज़ लॉन्च हुई

**अत्याधुनिक इनोवेशन के साथ फ्लैगशिप एक्सिलेंस पेश की गई**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओप्पो इंडिया ने भारत में ओप्पो फाइन एक्स8 सीरीज़ का लॉन्च किया। ओप्पो की इनोवेशन की विरासत को आगे बढ़ाते हुए फाइन एक्स8 सीरीज़ में फ्लैगशिप मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400 एसओसी, दो टेलीफोटो लेंस के साथ क्वाड-कैमरा सेट-अप, हाई डेंसिटी क्विक चार्जिंग सिलिकॉन कार्बाईड बैटरी, और कलर्सएस 15 (एंड्रॉयड 15 पर आधारित) जैसी खूबियाँ हैं। इसमें आइपी68 और आइपी69 रेटेड टिकाऊ और लाईटवेट बिल्ड के साथ फोटोग्राफी और प्रो डक्टिविटी में सुधार के लिए अनेक एआई फीचर्स दिए गए हैं।


पीट लाउ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य उत्पाद अधिकारी, ओप्पो ने कहा, ओप्पो की फाइन एक्स8 सीरीज़ ने स्मार्टफोन की सीमाएं बढ़ा दी हैं। फाइन




एक्स8 और फाइन एक्स8 प्रो में अत्याधुनिक इंजीनियरिंग और प्रो फेशनल फोटोग्राफी के लिए अल्ट्रा-ग्रेड कैमरा, अल्ट्रा-लॉंग लाइफ बैटरी लाइफ और अल्ट्रा-पॉवरफुल परफॉरमेंस का बेहतरीन मिश्रण है, ताकि भारी कामों को भी आसानी से संभाला जा सके। इन सभी आधुनिक फीचर्स और ओप्पो एआई तथा कलर्सएस 15 के शानदार तालमेल ने दैनिक कामों को बहुत सुगम और आसान बना दिया है। हमारे और औद्योगिक नेतृत्वकर्ताओं के सहयोग के साथ फाइन एक्स8 सीरीज़ सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजी और क्राफ्ट्समैनशिप का प्रतिनिधित्व करती है। इन इनोवेशंस के साथ फाइन एक्स8 सीरीज़ स्मार्टफोन की उत्कृष्टता में विश्व के नए मानक स्थापित कर रही है। इसने यूज़र्स द्वारा अपनी डिवाइस से अपेक्षाओं के नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करेंगे। इसकी घोषणा सहकारी संस्था इफको, भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालयऔर अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। वैश्विक सहकारी आंदोलन के लिए प्रमुख निकाय, अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) के 130 साल के लंबे इतिहास में पहली बारइफको की पहल परआईसीए महासभा और वैश्विक सहकारी सम्मेलन की मेजबानी भारत द्वारा की जाएगी। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने बताया किभारत सरकार के माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह 25 नवंबर 2024 को दोपहर 3 बजे अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। वे मुख्य अतिथि के रूप में वैश्विक सहकारी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025 पर एक




स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। इफको लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने प्रेस को बताया कि भूटान के माननीय प्रधानमंत्री महामहिम दाशो शेरिंग तोबगे जी और फिजी के माननीय उप प्रधानमंत्री महामहिम मनोआ कामिकामिका भी सम्मानित अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# भारतीय तेज गेंदबाज चमके

## ऑस्ट्रेलिया को दिया मुंहतोड़ जवाब





**67 रन के स्कोर पर झटके 7 विकेट, 83 रन की बढ़त बाकी**

**जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट लिए**

**पर्थ (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ स्टेडियम में पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का पहला मैच पर्थ स्टेडियम में खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 7 विकेट गंवाकर 67 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया अभी 83 रन से पीछे है। जसप्रीत बुमराह ने 4 विकेट अपने नाम किए जिसमें दोनों ओपनरों उस्मान ख्वाजा (8), नाथन मैकस्वीनी (10), चौथे नम्बर पर उतरे स्टीव स्मिथ (0) और पैट कमिंस (3) का का विकेट शामिल था। एक विकेट हर्षित राणा के नाम रहा जिन्होंने ट्रेविस हेड को 11 रन पर अपना शिकार बनाया। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट अपने नाम किए जिसमें मिशेल मार्श (6) और मार्नस लाबुशाने (2) शामिल थे।

इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और जोश हेजलवुड के चार विकेटों की बदौलत भारतीय टीम पहली पारी में 150 रन पर ढेर हो गई। ऋषभ पंत और नीतिश कुमार रेड्डी ने क्रमशः 37 और 41 रन की पारियां खेली जो सबसे बड़ी थी जबकि ओपनिंग पूरी तरह से विफल रहा।

**जसप्रीत बुमराह ने कमिंस सेना में मचाई खलबली –** भारतीय टीम के कप्तान जसप्रीत बमुराह ने कातिलाना गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर ला दिया है। उन्होंने 4 विकेट झटके और दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया 67 रन पर 7 विकेट गंवा चुका है। बैटिंग करने उतरी मेजबान टीम में जसप्रीत बुमराह ने अपनी कहर बरपाती गेंदों से खलबली मचा दी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 4 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट झटके, जबकि डेब्यू स्टार हर्षित राणा के खाते में एक विकेट गया।

**भारतीय बल्लेबाजों का फ्लॉप शो जारी, 150 रनों पर ढेर–** इससे पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने के बाद भारतीय बल्लेबाजों का फ्लॉप शो एक बार फिर जारी रहा और पदार्पण करने वाले नीतीश रेड्डी 41 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोरर रहे। नीतीश रेड्डी ने अपने पहले ही टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ढहती हुई भारतीय पारी को तीन अंकों तक पहुंचाने में केंद्रीय भूमिका निभाई और 59 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्का लगाते हुए 41 रन बनाए। रेड्डी नंबर 8 पर या उससे नीचे के क्रम पर खेलकर भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर करने वाले 9वें बल्लेबाज हैं। रेड्डी के अलावा ऋषभ पंत दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे जिन्होंने 78 गेंदों पर 37 रनों की पारी खेली। इसके अलावा केएल राहुल ने 26 रन बनाए। बाकी बल्लेबाजों ने कुछ खास नहीं किया और भारतीय क्रिकेट टीम 150 रनों पर ही ढेर हो गई। यह 9वीं बार है जब भारतीय टीम विदेशी धरती पर टेस्ट सीरीज के पहले दिन ऑल-आउट हुई है। हालांकि इस बार भारत ने इन 9 मौकों पर सबसे कम ओवर (49.4) खेले हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पांच टेस्ट मैचों की है। इससे पहले भारत ने पिछले दो ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर कंगारूओं को उनकी ही धरती पर 2-1 से हराने में कामयाबी हासिल की थी। हालांकि इस बार भारत अपने टॉप खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी या उनकी खराब फॉर्म से जूझ रहा है। रोहित शर्मा निजी कारणों से बाहर हैं, विराट कोहली की फॉर्म बहुत अच्छी नहीं है और मोहम्मद शमी की वापसी भी समय से नहीं हो पाई है।

# विराट कोहली ने नाम शर्मनाक रिकॉर्ड हुआ दर्ज



**पर्थ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय साबित हो रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू सीरीज में फ्लॉप रहने के बाद भारत को अपने पूर्व कप्तान से काफी उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया में कोहली का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। इसी बीच पर्थ टेस्ट मैच की पहली पारी में विराट ने टीम और अपने फैंस को निराश ही किया है।

विराट कोहली ने 12 गेंदों पर 5 रनों की पारी खेली और हेजलवुड की गेंद पर उस्मान ख्वाजा की गेंद पर आउट हो गए। इस तरह उनकी खराब फॉर्म में एक और कड़ी जुड़ गई है। इसके अलावा कोहली ने भारतीय गेंदबाजी के दौरान कैच भी छोड़ दिया। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर विराट कोहली ने मार्नश लाबुशेन का आसान कैच ड्रॉप कर दिया।

इस शानदार गेंद पर मार्नस लाबुशेन के बल्ले का किनारा निकला, जिस पर कोहली ने ज्यादा मूवमेंट नहीं की और कैच पकड़ने की जल्दबाजी में गेंद को ड्रॉप कर बैठे। विराट आमतौर पर बढ़िया क्षेत्ररक्षक माने जाते हैं लेकिन साल 2011 से अब तक कम से कम 100 मौके हासिल करने वाले खिलाड़ियों में कोहली का कैच ड्रॉप करने का प्रतिशत काफी ज्यादा है। यह आंकड़ा कोहली की कैच पकड़ने की क्षमता पर सवाल भी खड़े करता है।

# केएल राहुल के विवादास्पद आउट पर बवाल

## पूर्व खिलाड़ियों ने थर्ड अंपायर पर उठाए सवाल

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को विकेट के पीछे कैच आउट दिए जाने के फैसले से विवाद खड़ा हो गया है और दोनों देशों के पूर्व क्रिकेटरों ने मैदानी अंपायर के 'नॉट आउट' के फैसले को बदलने वाले तीसरे अंपायर के फैसले पर सवाल उठाए हैं। मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबरो ने राहुल के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन मेजबान टीम ने डीआरएस लिया।

तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने 'स्प्लिट स्क्रीन व्यू' देखे बिना यह फैसला बदल दिया। लंच से ठीक दस मिनट पहले यह सब हुआ और भारत ने चार विकेट 51 रन पर गंवा दिए। राहुल ने 74 गेंद में 26 रन बनाए और यह संकेत भी दिया कि गेंद के किनारे से गुजरने के समय उनका बल्ला पैड पर लगा था। राहुल हताशा में सिर हिलाते हुए मैदान से चले गए। फॉक्स क्रिकेट के लिए कमेंट्री कर रहे भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि मैदानी अंपायर का फैसला बदलने के लिए तीसरे अंपायर के पास पर्याप्त सबूत नहीं थे।

शास्त्री ने कहा, 'मेरी शुरूआती प्रतिक्रिया थी कि क्या तीसरे अंपायर के पास पर्याप्त सबूत थे जो उन्होंने मैदानी अंपायर का फैसला बदल दिया। मैदानी अंपायर ने उसे नॉट आउट दिया था। मुझे नहीं लगता कि यह फैसला बदलने के लिए पर्याप्त कारण थे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल हस्सी ने स्वीकार किया कि तीसरे अंपायर का फैसला विवादास्पद है। उन्होंने कहा, 'यह विवादास्पद है। स्निकोमीटर पर स्पाइक था लेकिन यह नहीं पता कि वह बल्ले से गेंद टकराने का था या बल्ले से पैड टकराने का। आप देख सकते हैं कि बल्ला पैड पर लग रहा है। मेरे दिमाग में इसे लेकर संदेह है। इस फैसले को 100 फीसदी सही नहीं ठहराया जा सकता। निराशाजनक तो यह है कि तकनीक सही फैसले लेने के लिए है।




आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने कहा, 'राहुल का पैड और बल्ला गेंद के गुजरने के समय साथ में नहीं है। गेंद के किनारे से गुजरने के बाद बल्ला पैड से टकराया है। स्निको ने शायद वही आवाज पकड़ी है। हमें लग रहा है कि स्निको ने बल्ले से गेंद के टकराने की आवाज पकड़ी है लेकिन शायद ऐसा नहीं है।

आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मार्क वॉ ने कहा, 'यह काफी साहसिक फैसला है चूंकि हमने देखा है कि क्या हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि केएल राहुल को इसे स्वीकार करना होगा हालांकि वह खुश नहीं होगा।% भारत के पूर्व क्रिकेटर वसीम जाफर ने ट्वीट किया, 'थर्ड अंपायर ने एक और एंगल मांगा था जो नहीं दिया गया। अगर उन्हें यकीन नहीं था तो उन्होंने मैदानी अंपायर का फैसला क्यो बदला। तकनीक का खराब इस्तेमाल और सही प्रोटोकॉल का अनुसरण नहीं किया गया।

### केएल राहुल ने पर्थ में हासिल की बड़ी उपलब्धि, टेस्ट क्रिकेट में बनाए 3,000 रन

भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने गुरुवार को 3,000 टेस्ट रन पूरे किए। राहुल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। पहली पारी के दौरान केएल ने 74 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 26 रनों की छोटी लेकिन धैर्यपूर्ण पारी खेली। हालांकि एक विवादास्पद फैसले के कारण उनकी पारी छोटी हो गई। मिशेल स्टार्क ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट होने के बाद केएल राहुल ने विकेट गंवाया। हालांकि सवाल यह था कि स्निकोमीटर में आवाज गेंद के बल्ले से टकराने या उनके बल्ले के पैड से टकराने के कारण आई थी। तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने उन्हें आउट करार दिया, क्योंकि गेंद उनके बल्ले से लगी थी। केएल ने 54 मैचों में 92 पारियों में 8 शतक और 15 अर्द्धशतक के साथ 33.78 की औसत से 3,007 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 199 है। ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में उनके बेहतरीन शतकों ने उन्हें विदेशी परिस्थितियों में एक विश्वसनीय विकल्प बना दिया है, लेकिन उनके असंगत प्रदर्शन ने अक्सर उनके खिलाफ हालात बना दिए हैं। यह साल उनके लिए टेस्ट में उतार–चढ़ाव भरा रहा है, जिसमें उन्होंने छह मैचों और 9 पारियों में 32.50 की औसत से 260 रन बनाए हैं। उन्होंने दो अर्द्धशतक बनाए

**आईपीएल 2025**

# 14 मार्च से शुरु होगा, फाइनल 25 मई को खेला जाएगा




**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरु होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल में आईपीएल के तीन सत्रों के लिए घोषित तारीखों के बारे में बताया गया है। घोषणा के अनुसार टूर्नामेंट का अगला सत्र 14 मार्च 2025 से शुरू होगा और फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं 2026 का सत्र 15 मार्च से 31 मई तक चलेगा। जबकि 2027 का सत्र 14 मार्च से 30 मई तक होगा। घोषणा के अनुसार पिछले सत्र की तरह 2025 सत्र में 74 मैच होंगे। हालांकि यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से 10 कम है। नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज में आईपीएल ने हर सत्र में मैचों की अलग–अलग संख्या का वर्णन किया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस अनुबंध के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाने का जिक्र था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपने सभी खिलाड़ियों अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों को 2025 सत्र में खेलने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा अधिकतर पूर्ण सदस्य देश इंग्लैंड, श्रीलंका बंगलादेश, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज के क्रिकेट बोडर ने अपने खिलाड़ियों को अगले तीन सत्र के लिए आईपीएल में खेलने की अनुमति दे दी है।

# 'उनके जैसे और प्रधानमंत्री चाहिए' : क्लाइव लॉयड

**विश्व कप विजेता कप्तान ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद जाहिर की खुशी**

**जॉर्जटाउन (गुयाना) (एजेंसी)।** दिग्गज क्रिकेटर क्लाइव लॉयड नेजॉर्जटाउन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद अपनी खुशी जाहिर की। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी के प्रयासों की सराहना की और उनके जैसे और नेताओं की जरूरत पर जोर दिया।



गुयाना के प्रमुख क्रिकेटरों ने गुरुवार को पीएम मोदी से मुलाकात की और 'सुखद बातचीत' की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, क्रिकेट के जरिए जुड़ाव! गुयाना के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ सुखद बातचीत। इस खेल ने हमारे देशों को करीब लाया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को गहरा किया है।

1966-85 तक वेस्टइंडीज के लिए 110 टेस्ट खेलने वाले लॉयड ने भारत में अपने 11 खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए भारत को धन्यवाद दिया और खेल के लिए पीएम मोदी के समर्थन से प्रभावित हुए। लॉयड ने पीएम मोदी के साथ अपनी बैठक के बारे में कहा, हमारी अच्छी चर्चा हुई। मुझे लगता है कि हमारे 11 खिलाड़ी अब भारत में प्रशिक्षण लेंगे। इसलिए, यह उनका बहुत अच्छा निर्णय रहा है। हम इसके लिए उनके आभारी हैं... उन्हें क्रिकेट में रुचि है और यह बहुत अच्छी बात है। वे क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि उनके जैसे और प्रधानमंत्री हों।

बैठक में शामिल वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर एल्विन कालीचरण, पीएम मोदी के क्रिकेट के गहन ज्ञान से आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा, भारत में हर कोई क्रिकेट जानता है। लेकिन उनका ज्ञान विशेष है क्योंकि उन्हें पता है कि हम कब भारत गए थे। वे हमें हमारे नाम पहले से जानते हैं। आज प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलना जादुई है। जुड़ाव जबरदस्त है। हमारे युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने में जिस तरह की मदद प्रधानमंत्री और भारत की ओर से मिली है, वह बहुत दयालुतापूर्ण है।

पीएम मोदी अपनी तीन देशों की यात्रा के तीसरे चरण में गुयाना पहुंचे। यह 50 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की गुयाना की पहली यात्रा है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में कैरेबियाई साझेदार देशों के नेताओं के साथ भी शामिल हुए।

# जोफा आर्चर आईपीएल मेगा ऑक्शन में शामिल होंगे, शॉर्टलिस्ट से रखा गया था बाहर



**लंदन (एजेंसी)।** जोफ्रा आर्चर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में शामिल होंगे क्योंकि शुरुआत में उन्हें शॉर्टलिस्ट से बाहर रखा गया था। रिपोर्ट में इस बात की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज को लॉन्गलिस्ट में शामिल किया गया था, लेकिन फिर पिछले सप्ताह नीलामी के लिए प्रकाशित 574 नामों में उनका नाम शामिल नहीं था। यह स्पष्ट नहीं है कि आर्चर ने नाम वापस क्यों लिया, हालांकि ऐसा लगता है कि अगर वह 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब में नीलामी का हिस्सा नहीं होते तो उनके भविष्य की आईपीएल संभावनाओं को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति होती। नए नियमों के अनुसार कोई भी खिलाड़ी जो पहले आईपीएल में खेल चुका है, जैसे कि आर्चर, अगर वह नीलामी में शामिल नहीं होता तो दो साल के लिए प्रतियोगिता से बाहर हो जाता। 29 वर्षीय आर्चर ने 2020 से ही चोटों से लंबी लड़ाई लड़ी है, लेकिन पिछली गर्मियों में कोहनी की समस्या से जूझने के बाद से इंग्लैंड ने उनका सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया है। वह मई से इंग्लैंड की सफेद गेंद वाली टीम का लगातार हिस्सा रहे हैं और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की इच्छा जताई है, उन्होंने लगभग चार साल तक सबसे लंबे प्रारूप में नहीं खेला है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉक्टर को दिखाया ही नहीं, व्हाट्सएप ग्रुप पर पूछकर कराई पत्नी की डिलीवरी

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई में एक कपल की ओर से अपने बच्चे की पैदाइश घर पर कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बात यहां तक बढ़ गई कि पुलिस को इस केस की जांच करनी पड़ी। आरोप है कि दंपति ने डॉक्टर की सलाह लिए बिना अपने शिशु की घर पर डिलीवरी कराई। इस दौरान दोनों करीब 1,000 से अधिक लोगों वाले व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े रहे। इन लोगों ने जोड़े को जैसा निर्देश दिया, वे वैसा ही करते गए। सोशल मीडिया पर इस घटना की खूब चर्चा हो रही है और दंपति के इस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय मनोहरन और उनकी 32 वर्षीय पत्नी सुकन्या होम बर्थ एक्सपीरियंस नाम के व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा हैं। यह ग्रुप ऐसे सदस्यों से भरा पड़ा है जिन्होंने घर पर बच्चे को जन्म देने संबंधी सलाह पोस्ट की है। इस कपल ने अपने तीसरे बच्चे को जन्म देने में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सहारा लिया। इनकी पहले से ही 2 बेटियां हैं, जिनकी उम्र कमशः 8 साल की और 4 साल है। सुकन्या जब तीसरे बच्चे के साथ गर्भवती हुईं, तो उन्होंने मेडिकल जांच नहीं कराने का फैसला लिया। हैरान करने वाली बात है कि पूरी गर्भावस्था के दौरान कोई जांच नहीं कराई गई। 17 नवंबर को सुकन्या को प्रसव पीड़ा हुई। इस स्थिति में दंपति ने अस्पताल जाने के बजाय व्हाट्सएप ग्रुप का सहारा लिया। कहा जा रहा है कि मनोहरन ने डिलीवरी खुद ही संभाली। बच्चे का जन्म हुआ और साथ ही इंटरनेट पर इसकी खूब चर्चा भी होने लगी। इसके बाद पब्लिक हेल्थ ऑफिसर ने कुंद्राथुर पुलिस स्टेशन में दंपति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि मनोहरन ने जो किया है, उससे निर्धारित चिकित्सा सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ है। इन शिकायतों के आधार पर पुलिस ने मनोहरन से पूछताछ की।

### सीएम के काफिले के सामने काले झंडे दिखाना अवैध नहीं, विरोध करने का तीराका: हाईकोर्ट

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल की वाम सरकार को झटका देते हुए यहां उच्च न्यायालय ने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले के समक्ष काले झंडे लहराना कोई गैरकानूनी कृत्य नहीं है और यह मानहानि के समान नहीं है। न्यायमूर्ति बी कुरियन थॉमस का फैसला महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले साल राज्य सरकार के जनसंपर्क कार्यक्रम 'नव केरल सदास' के दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को काले झंडे दिखाने के लिए कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। न्यायमूर्ति थॉमस ने कहा, ''हालांकि दृष्टिगोचर होने वाले संकेत किसी व्यक्ति को बदनाम करने का एक तरीका हो सकते हैं, फिर भी किसी व्यक्ति को काला झंडा दिखाना या लहराना मानहानि नहीं हो सकता है और न ही यह एक अवैध कृत्य है।'' अदालत ने यह फैसला 2017 में यहां के पास उत्तरी परवूर से गुजर रहे विजयन के काफिले के आगे काले झंडे लहराने के लिए तीन व्यक्तियों के खिलाफ अंतिम रिपोर्ट को रद्द करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि आम तौर पर काला झंडा लहराना विरोध दर्शाने का संकेत है और जब तक इसे प्रतिबंधित करने वाला कोई कानून नहीं बनाया जाता तब तक ऐसा आचरण मानहानि के अपराध के दायरे में नहीं आता।

### झूठी शिकायतें भी दर्ज की जाती हैं, यदि वे वास्तविक पाई जाती हैं, तो कड़ी कार्रवाई करें: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की राज्य पुलिस की अपराध जांच विभाग सीआईडी में पूर्ण फेरबदल के आदेश दिए हैं। दरअसल, पुलिसकर्मियों के एक वर्ग पर भ्रष्ट आचरण और रिश्वतखोरी के आरोप लगे हैं। सीएम ममता ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार को कुछ सीआईडी ??अधिकारियों के खिलाफ प्राप्त 'शिकायतों' पर गौर करने और उनके वास्तविक पाए जाने पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में एक बैठक में कहा, ''मैं सीआईडी में पूर्ण फेरबदल की शुरुआत करूंगी। मैं आपको (कुमार) जिम्मेदारी दे रही हूं... मुझे प्रस्ताव दें और शिकायतों की जांच करें। कभी-कभी झूठी शिकायतें भी दर्ज की जाती हैं।

# हिमाचल सरकार मनाएगी दो साल का जश्न, विक्रमादित्य बोले- मुझे जानकारी नहीं दी गई



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सुक्खू सरकार 11 दिसंबर को दो साल पूरे करने जा रही है। इस उपलक्ष्य में राज्य सरकार बिलासपुर में जश्न मनाएगी। इसे लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अधिकारियों की बैठक भी ले चुके हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समारोह की तैयारियों के निर्देश भी दे दिए हैं। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि सुक्खू सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को इस आयोजन की जानकारी तक नहीं है। उनका कहना है कि इसके बारे में उन्हें कोई भी जानकारी नहीं है और इसे लेकर उनसे अभी तक कोई भी बातचीत नहीं हुई है। केवल मीडिया से ही उन्हें अभी तक इस आयोजन की जानकारी मिली है।

विक्रमादित्य सिंह ने गुरूवार को पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने का जश्न तो मनाया जाएगा और जो उनकी ओर से सहयोग होगा वह उसे पूरा करेंगे। लेकिन आधिकारिक रूप से इसमें किस तरह से कार्यक्रम होने हैं और क्या होना है, इसको लेकर उन्हें जानकारी नहीं मिल पाई है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के राज्य सरकार पर लगाए गए आरोपों पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वे तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने जो भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं वह साबित करें और प्रदेश की जनता को बताएं कि कहां पर भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि सूक्खू सरकार में अभी तक न तो मुख्यमंत्री और न ही किसी मंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। यदि उनके पास कोई सबूत है तो वो प्रदेश के लोगों के सामने रखें। उन्हें इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा एचपीटीडीसी के घाटे में चल रहे 18 होटलों को बंद करने के आदेश पर कहा कि इसे लेकर कानूनी राय ली जाएगी।

## मुंबई क्राइम ब्रांच का खुलासा: बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में मजदूर का मोबाइल हुआ इस्तेमाल

**मुंबई , एजेंसी।** मुंबई क्राइम ब्रांच के द्वारा बाबा सिद्धीकी मर्डर केस में बड़ी कार्रवाई की गई है। पंजाब के फजलिका से पकड़े गए आकाशदीप गिल ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने मुख्य साजिशकर्ताओं के साथ बातचीत करने के लिए एक मजदूर के मोबाइल हॉटस्पॉट का इस्तेमाल किया था। यह तरीका पुलिस से बचने के लिए अपनाया गया था। गिल ने स्वीकार किया कि उसने बालविंदर नामक एक मजदूर के हॉटस्पॉट का इस्तेमाल किया था, जिससे वह ऑफलाइन दिखाई दे रहा था और पुलिस उसकी ट्रैकिंग नहीं कर सकी। क्राइम ब्रांच वर्तमान में गिल का मोबाइल फोन तलाश रही है। इस फोन में महत्वपूर्ण सबूत होने की संभावना है। आकाशदीप गिल को गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई द्वारा रची गई हत्या की साजिश रचने वाली टीम का हिस्सा माना जा रहा है। आपको बता दें कि इससे पहले एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर गोलीबारी के मामले में वांछित गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया। वह फिलहाल आयोवा की एक जेल में बंद है।

## 76 वर्षीय महिला चलती ट्रेन से गिरने के बाद भी बची, आरपीएफ ने बेटे से मिलाया

**संबलपुर, एजेंसी।** सुबह संबलपुर के घने जंगल में सन्नाटा पसरा हुआ था, जिसे दूर से पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस की गड़गड़ाहट ने ही तोड़ा. चांद की रोशनी में 76 वर्षीय पार्वती दास ने खुद को अकेली और घायल अवस्था में पाया, वह हाथियों की आवाजाही वाले इलाके में रेलवे ट्रैक पर पड़ी थी. केंद्रपाड़ा जिले की रहने वाली पार्वती अपने बेटे प्रद्युम्न, बहू और पोती के साथ यात्रा कर रही थी. परिवार अहमदाबाद जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ. सुबह करीब 3 बजे, जब हाथी की हरकत के कारण ट्रेन हटीबारी स्टेशन के पास धीमी हुई, तो पार्वती, जो कथित तौर पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है, ट्रेन के दरवाजे पर भटक गई. जब उसका परिवार सो रहा था, तब वह कब फिसलकर पटरियों पर गिर गई, किसी को पता नहीं चला. परिवार को इस संकट के बारे में तब तक पता नहीं चला, जब तक कि बेटा जाग नहीं गया और उसने पाया कि मां गायब है. चब तक ट्रेन 70 किलोमीटर दूर बरगढ़ स्टेशन पर पहुंच चुकी थी. लोगों में दहशत फैल गई. इस बीच, जैसा कि ईश्वर ने चाहा, पार्वती को हटीबारी के पास गश्त कर रहे एक सतर्क ट्रैकमैन ने देखा. उस समय पटरियों पर अकेली खड़ी एक बुजुर्ग महिला पर संदेह होने पर, वह उसकी सहायता के लिए दौड़ा और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को सूचित किया. रायराखोल आरपीएफ अधिकारी एएसआई मनोज कुमार सामल ने बचाव अभियान के बारे में बताया कि ट्रैकमैन ने हमें तुरंत सूचित किया. हम मौके पर पहुंचे, उसके सिर और हाथ में मामूली चोटों के लिए उसे प्राथमिक उपचार दिया. उन्होंने कहा कि हमारी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि उसे जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए. इस बीच, पार्वती के बेटे प्रद्युम्न ने बरगढ़ में आरपीएफ को उसके लापता होने की सूचना दी. दोनों स्टेशनों के बीच समन्वय के बाद वीडियो कॉल के जरिए बेटे पार्वती की पहचान की गई. इसके बाद उसे आगे के इलाज के लिए संबलपुर जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया. उन्होंने कहा कि जब हमें पता चला कि वह लापता है, तो हम घबरा गए, लेकिन आरपीएफ और सभी लोगों की बदौलत मेरी मां सुरक्षित है. एएसआई सामल ने बताया कि पार्वती के बेटे के अनुसार, वह छह साल से मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है और दवा ले रही है.

# यूपी में अगले साल पूरा हो जाएगा निर्माणाधीन चार एक्सप्रेसवे का काम, तेज हुआ कार्य



**लखनऊ , एजेंसी।** सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे नेटवर्क यूपी में तैयार हो रहा है। राज्य में निर्माणाधीन चार एक्सप्रेसवे का काम अगले साल पूरा हो जाएगा। इसके जरिए 958 किमी एक्सप्रेसवे नेटवर्क तैयार हो जाएगा। इस तरह एक्सप्रेसवे में यूपी की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगी। यूपी में इस वक्त चार एक्सप्रेसवे चालू हो गए हैं जबकि चार निर्माणाधीन हैं। चार अन्य एक्सप्रेसवे पर काम शुरू होने से पहले की तैयारियां चल रही हैं।

यह चार नए एक्सप्रेसवे चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे -पूर्वांचल एक्सप्रेसवे लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे व गाजीपुर से बलिया लिंक एक्सप्रेसवे हैं। निर्माणाधीन दो एक्सप्रेसवे लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे (63 किमी) व दिल्ली सहारनपुर देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण एनएएचआई करा रहा है। बाकी का निर्माण यूपीडा के जरिए हो रहा है।

औद्योगिक विकास मंत्री गोपाल नंद गोपाल नंदी ने कहा है कि नए एक्सप्रेसवे नेटवर्क के साथ प्रदेश के हर कोने तक विकास पहुंचेगा। दिल्ली-सहारनपुर देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे 210 किमी में बन रहा है। यह दिल्ली से बागपत, शामली सहारनपुर होते हुए देहरादून तक बन रहा है। 14,285 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस एक्सप्रेसवे का पहला खंड पूरा हो चुका है और बाकी हिस्सा अगले साल तीन महीने में बन जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे का का 60 प्रतिशत काम हो गया है। इसे वैसे तो कुंभ मेले तक मुख्य कैरिजवे तैयार कर देने पर काम चल रहा है। पूरा एक्सप्रेसवे अगले साल अप्रैल तक तैयार हो जाएगा। 598 किमी का यह एक्सप्रेसवे यूपी का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे है। मेरठ से प्रयागराज तक एक्सप्रेसवे बनाने के बाद इसे वाराणसी तक बनाया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ तक बनाया जा रहा है। लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे का निर्माण लखनऊ व कानपुर के बीच तेजी से चल रहा है। इसका निर्माण एनएचएआई करवा रहा है। इसे 2025 तक पूरा करने की योजना है। एक्सप्रेसवे बन जाने के बाद लखनऊ से कानपुर 45 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। छह लेन का एक्सप्रसेवे भविष्य में आठ लेन में बन सकता है।

# जम्मू-कश्मीर में हुए सभी घोटालों की जांच होगी, अडाणी रिश्वत मामले पर फारूक अब्दुल्ला का बयान

**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार केंद्र शासित प्रदेश में हुए सभी घोटालों की जांच करेगी, क्योंकि लोग सच जानना चाहते हैं. अमेरिका द्वारा उद्योगपति गौतम अडाणी पर लगाए रिश्वत घोटाले के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री फारूक ने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा, ÷बहुत सी चीजों की जांच धीरे-धीरे की जाएगी और चीजें सामने आएंगी. एक वरिष्ठ अधिकारी ने जल शक्ति विभाग में 3,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है. लोग इन चीजों के बारे में जानना चाहते हैं.÷ फारूक अब्दुल्ला जल शक्ति विभाग में कथित घोटाले के बारे में टिप्पणी कर रहे थे. दरअसल, पूर्व नौकरशाह अशोक परमार ने विभाग में 3000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था और भारत सरकार और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कथित घोटाले की जांच करने का आग्रह किया था. लेकिन जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल प्रशासन ने आरोपों से इनकार किया था.

फारूक ने कहा कि भारत सरकार को आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए और इसकी जांच करनी चाहिए. उन्होंने कहा, ÷संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मांग की गई है. मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार इसे (आरोपों को) गंभीरता से लेगी



और इसकी जांच करेगी; यह कैसे हुआ और इसके क्या कारण हैं. पहले भी आरोप लगे हैं.÷ उन्होंने कहा कि आरोप बहुत गंभीर हैं.

अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने अरबपति गौतम अडाणी पर सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,100 करोड़ रुपये) से अधिक की रिश्वत देने की योजना का कथित रूप से हिस्सा होने का आरोप लगाया है. हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को निराधार बताया है और कहा है कि सभी संभव कानूनी उपाय किए जाएंगे.

## नेपाल ने भारत के आर्मी चीफ को जनरल की उपाधि से नवाजा, राष्ट्रपति भवन में हुआ भव्य सम्मान



**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने 1950 से जारी दशकों पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए यहां राष्ट्रपति भवन (शीतल भवन) में बृहस्पतिवार को आयोजित विशेष समारोह में भारतीय सेना के प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को नेपाल सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया। पांच-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जनरल द्विवेदी अपने नेपाली समकक्ष जनरल अशोक सिगडेल के आमंत्रण पर पांच-दिवसीय आधिकारिक यात्रा के लिए बुधवार को यहां पहुंचे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने जनरल द्विवेदी को एक तलवार, प्रतीक चिह्न और सम्मान आदेश का प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति विशेष समारोह में उपस्थित थे। नेपाल सेना के सूत्रों ने बताया कि 1950 से भारत और नेपाल की सेनाओं के बीच जारी संबंधों के तहत एक-दूसरे के सेना प्रमुखों को जनरल की मानद उपाधि देने की परंपरा रही है। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में जनरल द्विवेदी ने यहां नेपाली सेना के मुख्यालय में जनरल सिगडेल से मुलाकात की और दोनों सेनाओं के बीच सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा की। भारतीय दूतावास के सूत्रों ने कहा कि दोनों ने नेपाल और भारत के बीच सैन्य द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय दूतावास ने कहा कि दोनों सेनाओं के बीच चिरस्थायी मित्रता का संकेत देते हुए जनरल द्विवेदी ने काठमांडू में नेपाल सेना मुख्यालय के परिसर में रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया। इससे पहले सुबह जनरल द्विवेदी ने काठमांडू के टुंडीखेल में सेना मंडप में बीर स्मारक (शहीद स्मारक) पर पुष्पचक्र अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। सेना मुख्यालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। अपनी यात्रा के दौरान द्विवेदी काठमांडू के बाहरी इलाके शिवपुरी में आर्मी स्टाफ कॉलेज का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि उनकी योजना विमान के जरिये पर्वतीय क्षेत्र का भ्रमण करने की भी है।

## आरोप लगने के बाद गेट्स ने वापस लिया अपना नाम, ट्रंप ने पैम बॉन्डी को सौंपी जिम्मेदारी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को अमेरिका का नया अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया है. बॉन्डी को मैट गेट्स की जगह यह जिम्मेदारी सौंपी गई है. पेड सेक्स और यौन उत्पीड़न को लेकर चर्चा में आए मैट गेट्स ने अपना नाम वापस ले लिया था. ट्रंप ने एक बयान में कहा कि मुझे फ्लोरिडा राज्य की पूर्व अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को संयुक्त राज्य अमेरिका की अगली अटॉर्नी जनरल के रूप में नियुक्त करने पर गर्व है. उन्होंने बताया कि बॉन्डी ने करीब 20 साल तक अभियोजक के तौर पर काम किया, जिसके दौरान वह हिंसक अपराधियों के खिलाफ़ बहुत सख्त रहीं और फ्लोरिडा के परिवारों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया. उन्होंने कहा कि फिर, फ्लोरिडा की पहली महिला अटॉर्नी जनरल के तौर पर, उन्होंने घातक दवाओं की तस्करी को रोकने और फेंटेनाइल ओवरडोज से होने वाली मौतों की त्रासदी को कम करने के लिए काम किया, जिसने हमारे देश भर में कई परिवारों को तबाह कर दिया है. ट्रंप ने अविश्वसनीय काम करने के लिए बॉन्डी की प्रशंसा की. उन्होंने आरोप लगाया कि न्याय विभाग को उनके और अन्य रिपब्लिकन के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. ट्रंप ने आगे कहा कि पाम डीओजे को अपराध से लड़ने और अमेरिका को फिर से सुरक्षित बनाने के अपने इच्छित उद्देश्य पर फिर से केंद्रित करेंगी. मैं पैम को कई सालों से जानता हूं, वह स्मार्ट और सख्त है और एक अमेरिका फर्स्ट फाइटर है, जो अटॉर्नी जनरल के रूप में शानदार काम करेगी. इससे पहले गैट्ज ने विपक्ष और अपने रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटरों दोनों की आलोचना के बाद खुद को नामांकन से वापस ले लिया था. बता दें, कैपिटल हिल में सीनेटरों से मुलाकात के एक दिन बाद उन्होंने यह आश्चर्यजनक घोषणा की. गेट्ज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि वाशिंगटन में अनावश्यक रूप से लंबे समय तक चलने वाले झगड़े पर समय बर्बाद करने का कोई मतलब नहीं है।

### लाइन में खड़े होना जाएं भूल, अब व्हाट्सऐप पर मिलेगा ग्रेटर नोएडा मेट्रो टिकट

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** एक्वा लाइन पर नोएडा-ग्रेनो के बीच चलने वाली मेट्रो में आने वाले दिनों में व्हाट्सऐप से भी टिकट ले सकेंगे। उम्मीद है कि जनवरी तक यह सुविधा लोगों को मिलनी शुरू हो जाएगी। इसको लेकर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) ने तैयारी शुरू कर दी है। एनएमआरसी सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक मेट्रो का संचालन कर रही है। इस लाइन पर लगातार सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसी महीने इस लाइन के सभी 21 स्टेशन पर टोकन वेंडिंग मशीन (टीवीएम) लगा दी गई है। सेक्टर-51 पर 15 मशीनें लगाई गई हैं। पहले एक मशीन लगी थी। इससे काउंटरों पर लगने वाली लंबी लाइन में कमी आ रही है। अधिकारियों का कहना है कि करीब 40 प्रतिशत लोग टिकट लेने के लिए वेंडिंग मशीन की तरफ शिफ्ट हो गए हैं। इस मशीन से सिर्फ ऑनलाइन भुगतान करने की ही सुविधा है।

# भारतीय परिवार की बर्फ में जमने से मौत के मामले में गवाह ने किया चौंकाने वाला खुलासा



**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका-कनाडा सीमा पार करते समय बर्फबारी में जमकर मारे गए एक भारतीय परिवार की घटना ने मानव तस्करी के भयावह नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस मामले में भारतीय नागरिक हर्षकुमार रमनलाल पटेल (29) और फ्लोरिडा निवासी स्टीव शैंड (50) के खिलाफ सुनवाई चल रही है। बर्फीले तूफान के बीच अमेरिका-कनाडा सीमा पार करने वाले भारतीय नागरिक ने बताया है कि एक परिवार के चार लोगों की बर्फ में जमने से मौत होने के कुछ ही देर के अंदर वह उनसे अलग हो गया था। भारतीय नागरिक हर्षकुमार रमनलाल पटेल (29) और फ्लोरिडा के निवासी स्टीव शेंड (50) के खिलाफ जारी मुकदमे की सुनवाई के तीसरे दिन बुधवार को यश पटेल (23) नामक व्यक्ति ने यह गवाही दी। अभियोजकों का कहना है कि आरोपियों ने दिसंबर 2021 से जनवरी 2022 के बीच पांच सप्ताह के दौरान मिनेसोटा में भारतीय प्रवासियों को तस्करी के जरिए सीमा पार कराने के प्रयास के दौरान मानव जीवन के बजाय वित्तीय लाभ को तरजीह दी। अभियोजकों के अनुसार रमनलाल पटेल तस्करी योजना का हिस्सा था और उसने शैंड से वाहन चालक के तौर पर काम लिया था। दोनों व्यक्तियों ने मानव तस्करी से संबंधित चार मामलों में अपना अपराध स्वीकार नहीं किया है। संघीय अभियोजकों का कहना है कि जगदीश पटेल (39) उनकी पत्नी वैशालीबेन (लगभग 30 वर्ष), बेटी विहांगी (11) और बेटे धार्मिक (3) की 19 जनवरी, 2022 को ठंड के कारण मौत हो गई। 'द कैनेडियन प्रेस की खबर के अनुसार यश पटेल (23) ने एक दुभाषिये के माध्यम से गवाही दी कि वह पटेल परिवार से अलग हो गया था। पांच या छह घंटे तक अकेले चलता रहा, जिसके बाद उसे एक वैन मिली, जिसमें उसकी प्रतीक्षा की जा रही थी। अभियोजकों का कहना है कि वह वैन स्टीव शैंड चला रहा था।

## सउदी अरब ने पाकिस्तानी भिखारियों पर कसा शिकंजा

**रियाद, एजेंसी।** सऊदी अरब के शहरों में पाकिस्तानी भिखारी इतने ज्यादा हो गए कि सरकार के एक्शन लेना पड़ा। बीते दिनों बड़ी संख्या में पाकिस्तानी भिखारियों को देश से निकाल दिया गया। इसके बाद पाकिस्तानी सरकार भी गंभीर हुई है। अब पाकिस्तान की सरकार ने नए नियम लागू करते हुए कहा है कि सऊदी अरब जाने वाले लोगों को लिखकर देना होगा कि वे वहां भीख नहीं मांगेंगे। सऊदी के पवित्र शहरों में उमराह की यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में पाकिस्तानी भीख मांगते पाए गए थे। सऊदी अरब ने पाकिस्तान को सख्त लहजे में कहा था कि उमराह और हज के वीजा पर बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सऊदी अरब जाते हैं और वहां भीख मांगते हैं। ऐसे में इन लोगों पर शिकंजा कसा जाए नहीं तो सऊदी अरब प्रशसन को कड़ा रुख अपनाना पड़ेगा। सऊदी अरब ने इस्लामाबाद के धार्मिक मामलों के मंत्रालय को जानकारी दी थी कि सऊदी अरब की यात्रा करने वाले लोगों पर खास नजर रखी जाए।

सऊदी अरब ने जानकारी दी थी कि कम से कम 4300 भिखारियों की लिस्ट तैयार की गई है जिन्हें भगाने की तैयारी की जा रही है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक अब शहबाज शरीफ की सरकार ने यात्रियों के लिए कई नए नियम लागू किए हैं। एक नियम यह है कि सऊदी अरब की यात्रा से पहले लोगों को एक हलफनामा देना होगा। इसमें शपथ दिलाई जाएगी कि वे वहां भीख नहीं मांगेंगे। इसके अलावा यात्रियों को समूह में यात्रा करनी होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129